दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 78 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। सोमवार, 19 जनवरी 2026 । माघ माह, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# बिहार में दोबारा जंगलराज रोका, अब बंगाल से विदा करेंगे : मोदी

## कहा : घुसपैठ रोकने के लिए फेंसिंग जरूरी, ममता सरकार जमीन नहीं दे रही





बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता/गुवाहाटी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई।

### प. बंगाल में मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...

- टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो।
- टीएमसी का छोटे से छोटा नेता खुद को बंगाल का माईबाप समझने लगा है। हुगली को इन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए बदनाम किया है। बीजेपी इन्हें सजा दिलाएगी। आपको एक बात याद रखनी है बंगाल में निवेश तभी आएगा। जब यहां माफिया, दंगाइयों को हटाया जाएगा।
- बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है।

### असम में स्पीच की 5 बड़ी बातें...

- हर साल जब ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ता है तो यहां के वन्यजीव ऊंचे इलाकों की ओर निकलते है। रायनो हाथी सड़क के किनारे फंस जाते हैं। इसीलिए यहां 90 किमी लंबा कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 7 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।
- पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। इससे गाइड, ट्रैवल एजेंसियों, होटल, हस्तशिल्प कलाकारों और स्थानीय लोगों को आय के नए अवसर मिले हैं।
- असम आज दुनिया को दिखा रहा है कि विकास के साथ-साथ विरासत को कैसे संभाला जा सकता है। दशकों तक लोगों को लगता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे रह गए हैं। इस सोच को बदलने का काम किया गया और नॉर्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता दी गई।
- कांग्रेस ने असम की मिट्टी को घुसपैठियों को सौंप दिया। इनकी सरकार के दौरान असम में घुसपैठ बढ़ती गई। कांग्रेस को असम के इतिहास, संस्कृति और आस्था से कोई सरोकार नहीं था।
- कांग्रेस की नीति है कि घुसपैठियों को बचाओ, उनकी मदद से सत्ता पाओ, बिहार में कांग्रेस ने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकालीं, बिहार ने इन्हें बाहर कर दिया, मुझे विश्वास है असम भी यही करेगा।

# इंदौर में कोहली का शतक, भारत 41 रन से हारा

## न्यूजीलैंड ने इंडिया में पहली बार वनडे सीरीज जीती; डेरिल मिचेल का शतक




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार वनडे सीरीज जीत ली है। टीम ने रविवार को इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे मैच में मेजबानों को 41 रन से हराया। इतना ही नहीं, भारतीय टीम होलकर स्टेडियम में पहला मैच हारी है। 338 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम 46 ओवर में 296 रन पर ऑलआउट हो गई। विराट कोहली ने 108 बॉल पर 124 रन की शतकीय पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। न्यूजीलैंड की ओर से क्रिस्टियन क्लार्क और जैक फॉल्क्स 3-3 विकेट झटके। डेरिल मिचेल ने 137 और ग्लेन फिलिप्स ने 106 रनों की शतकीय पारियां खेलीं। दोनों ने 219 रन की साझेदारी भी की। टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड ने 8 विकेट खोकर 337 रन बनाए थे। शतक बनाने वाले डेरिल मिचेल प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज चुने गए।

# प्लेन में बम है... इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

## लखनऊ में उतारा गया, 8 घंटे तक सर्चिंग के बाद सूचना झूठी निकली; वापस रवाना

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एटीसी को रविवार सुबह 8:46 बजे इंडिगो की 6ई-6650 फ्लाइट में बम की सूचना मिली। विमान सुबह 9:17 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यात्रियों को उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में पार्क किया गया। करीब आठ घंटे तक जांच की गई। बम की सूचना झूठी होनी की पुष्टि होने के बाद शाम 4:40 बजे यात्रियों समेत डेस्टिनेशन के लिए रवाना हुआ। जानकारी के मुताबिक, विमान के बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी लिखी मिली।

लिखा था- प्लेन में बम है। एक यात्री को यह नैपकिन दिखी तो उसने इसकी सूचना क्रू मेंबर को दी। बाद में विमान को तत्काल लखनऊ डायवर्ट किया गया। यहां बम निरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड, मेडिकल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को घेर लिया। बम निरोधक दस्ता विमान के अंदर सर्च ऑपरेशन चला रहा है। अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी भी मामले की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटे हैं। विमान में 230 यात्री (8 बच्चे भी), 6 क्रू मेंबर और 2 पायलट सहित कुल 238 लोग सवार थे। सभी को चेकिंग के बाद सुरक्षित उतार दिया गया। अंदर ही सबके लगेज और विमान की जांच की जा रही है।

# भागवत बोले- धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा : जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को धर्म ही चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। भागवत ने ये बातें रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं।

# ईरानी प्रदर्शनकारी बोले- ट्रम्प ने हमें धोखा दिया

## सबसे ज्यादा जरूरत के वक्त समर्थन नहीं किया; हिंसा में अब तक 5000 लोगों की मौत

बढ़ता राजस्थान



**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी कि वे उनके लिए मददगार साबित होंगे। लेकिन अब ट्रम्प के रुख में बदलाव आ गया है, इससे वह अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रम्प ने जो कहा और बाद में जो किया, उनके बीच बहुत बड़ा फर्क था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश छोड़ गए एक ईरानी ने कहा- ट्रम्प ने हमें धोखा दिया और बेवकूफ बनाया। जब ट्रम्प ने कहा कि एक ईरानी अधिकारी ने उन्हें और हत्याएं न करने का भरोसा दिलाया है, तो यह सुनकर हम हैरान रह गए। एक ईरानी ने कहा, ट्रम्प के बयानों की वजह से लोगों को उम्मीद जागी थी।

### शिक्षक भर्ती परीक्षा



# कोटा में हिजाब पहनकर आई छात्रा को नहीं मिली एंट्री

## शिक्षक भर्ती परीक्षा खत्म होते ही स्टैंड पर भीड़, बसों की खिड़की पर लटके अभ्यर्थी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** शिक्षक भर्ती परीक्षा में लेवल-2 की परीक्षा हुई। सुबह की पारी में 90.53 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे थे, जबकि दूसरी पारी में उपस्थिति 88.08 प्रतिशत रही। वहीं कोटा में सेकेंड पारी में हिजाब पहकर परीक्षा देने पहुंची छात्रा को एंट्री नहीं दी गई। छात्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला है। छात्रा ने कहा कि सारे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होने के बावजूद हिजाब पहनने के कारण एंट्री नहीं दी गई। छात्रा अलीशा बूंदी से एग्जाम देने आई थी, अलीशा का सेंटर महावीर नगर विस्तार योजना स्थित तिलक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में था।

वहीं एडीएम प्रशासन वीरेंद्र सिंह यादव का कहना है कि ये सेकेंड पारी के एग्जाम की घटना थी, एक बच्ची चेहरे पर दुपट्टा बांधकर पहुंची थी। सेंटर पर मौजूद कर्मचारियों ने उसको दुपट्टा हटाने को कहा था, लेकिन उसने दुपट्टा नहीं हटाया। एग्जाम खत्म होने के बाद अचानक बस स्टैंड पर भीड़ बढ़ गई। अभ्यर्थी बसों में सीट लेने के लिए संघर्ष करते रहे। भरतपुर में तो खिड़कियों से अभ्यर्थी बस में घुसने लगे थे। यह देख रोडवेज कर्मी ने डंडा निकाल लिया और कैंडिडेट्स को धमकाकर बस से उतारा। कई अभ्यर्थी बस की खिड़की पकड़कर लटक गए थे। शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए प्रदेश के 14 जिलों में सेंटर्स बनाए गए है। पहली पारी की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक हुई। सुबह की पारी में 9 बजे तक एंट्री दी गई। पहली पारी के एग्जाम में 90.53 प्रतिशत उपस्थिति रही। एंट्री के दौरान जोधपुर के एक सेंटर पर हाथ में बंधे लाल धागे (कलावा) को खोलने को कारण कैंडिडेट और कर्मचारियों में बहसबाजी हो गई। वहीं, कोटा में ड्रेस कोड को लेकर भी कंफ्यूजन रहा।










मौनी अमावस्या पर श्रद्धा का महासागर

# हरिद्वार-वाराणसी-प्रयागराज में उमड़ा आस्था का सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** मौनी अमावस्या के अवसर पर धार्मिक नगरी हरिद्वार, वाराणसी और प्रयागराज में आस्था का भव्य संगम देखने को मिल रहा है। कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह-सुबह लाखों की संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे और पवित्र स्नान किया। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच श्रद्धालु स्नान के बाद मंदिरों में दर्शन-पूजन में लीन हैं।

हरिद्वार में रविवार को हजारों श्रद्धालु गंगा में पवित्र डुबकी लगाने, पूजा-पाठ करने और तर्पण करने के लिए 'हर की पौड़ी' पर इकट्ठा हुए, जबकि अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और निगरानी के साथ सब कुछ सुचारू रूप से सुनिश्चित किया। एक श्रद्धालु ने कहा कि आज मौनी अमावस्या है और हम इसे पारंपरिक तरीके से मना रहे हैं। वह व्यक्तिगत रूप से हर मौनी अमावस्या पर यहां आते हैं। इसका परिवार के सदस्यों और पूर्वजों के लिए विशेष महत्व है।

वाराणसी में भी मौनी अमावस्या के मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर पवित्र स्नान किया। एक महिला ने कहा कि यह कृष्ण पक्ष का नौवां दिन, मौनी अमावस्या है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं, अपनी हैसियत के हिसाब से दान करते हैं, पूजा करते हैं और प्रार्थना करते हैं।

दशाश्वमेध घाट के तीर्थ पुरोहित विवेकानंद ने कहा कि माघ महीने के कृष्ण पक्ष में मौनी व्रत रखने वाले भक्त गंगा में अनुष्ठान करने आते हैं। गंगा में स्नान करने के बाद, वे पवित्र डुबकी लगाते हैं, अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देते हैं और उनकी शांति व कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। बच्चे भी इन अनुष्ठानों में भक्ति भाव से भाग लेते हैं। माघ मेले का तीसरा और सबसे बड़ा स्नान मौनी अमावस्या के दिन होता है। ऐसे में बड़ी संख्या में वहां श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रविवार सुबह घने कोहरे और ठंड के मौसम के बीच मौनी अमावस्या के मौके पर पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम घाट आए।

ज्योतिषी आशुतोष वार्ष्णेय ने कहा कि मौनी अमावस्या पर स्नान का महत्व बहुत ज्यादा है। मान्यताओं के अनुसार, 33 करोड़ देवी-देवता प्रयागराज आते हैं और पवित्र स्नान करते समय मौन व्रत रखते हैं, जो इस अनुष्ठान के आध्यात्मिक महत्व को बताता है। श्रद्धालुओं ने कहा कि मौनी अमावस्या है और इस पवित्र मौके पर हम यहां पवित्र स्नान करने आए हैं। हम आधी रात के करीब निकले थे, और स्नान पूरा करने के बाद अब हम घर वापस जा रहे हैं। कई श्रद्धालुओं ने माघ मेला के दौरान व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। प्रयागराज में संगम घाट पर कड़ी सुरक्षा और ट्रैफिक के इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनडीआरएफ-एसडीआरएफ टीमों, सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

# मौसम : राजस्थान में बारिश का अलर्ट, बर्फीली हवा रुकी

## जयपुर सहित कई जिलों में बादल छाए, तापमान चढ़ा, 22 से बदलेगा मौसम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बर्फीली हवा का दौर कमजोर पड़ा है। इससे तापमान में बढ़ोतरी हुई, जिससे सुबह-शाम की तेज सर्दी से थोड़ी राहत मिली। दिन और रात का तापमान भी बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार 22 जनवरी से एक नया स्ट्रॉन्ग वेदर सिस्टम राजस्थान में एक्टिव होगा, जिसके प्रभाव से आधे से ज्यादा राजस्थान में मावठ होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़,सीकर, चूरू और झुंझुनूं के कुछ इलाकों में आसमान में ऊंचाई पर बादल छाए, इन शहरों में धूप थोड़ी कमजोर रही। जबकि राज्य के शेष सभी जिलों में आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली।

### दिन का तापमान 29 डिग्री तक पहुंचा

शनिवार को जैसलमेर, जोधपुर, चूरू, बीकानेर समेत कई शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस चित्तौड़गढ़ में दर्ज हुआ। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। सिरोही में न्यूनतम तापमान बढ़कर शनिवार को 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दौसा और करौली को छोड़कर, शनिवार



को शेष सभी जिलों में न्यूनतम तापमान 5 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया - राजस्थान में 22 से 24 जनवरी के दौरान एक नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश (मावठ) होने की संभावना है। 22-23 जनवरी को जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में आकाशीय बिजली चमकने के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 23-24 जनवरी को शेखावाटी क्षेत्र के अलावा जयपुर, अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर और करौली के इलाकों में आकाशीय बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# खेल और संस्कारों से सजा बसंत उत्सव



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** खंडेलवाल वैश्य संस्थान, ब्यावर द्वारा बसंत पंचमी एवं खंडेलवाल दिवस समारोह-2026 का शुभारंभ खंडेलवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं संस्थान अध्यक्ष संजय घीया ने मैच का विधिवत उद्घाटन कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। संयुक्त सचिव यश खंडेलवाल ने बताया कि लीग में चार टीमों ने भाग लिया। नॉकआउट मुकाबले में खंडेलवाल नाइट राइडर्स ने खंडेलवाल रॉयल्स को हराया, जबकि सेमीफाइनल में खंडेलवाल सुपर स्टार्स ने खंडेलवाल सुपर जाएंट्स को पराजित किया। फाइनल में नाइट राइडर्स ने सुपर स्टार्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। महोत्सव संयोजक नितिन बड़गोती ने बताया कि बसंत पंचमी महोत्सव के तहत 23 जनवरी को ध्वजारोहण किया जाएगा तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। आयोजन की व्यवस्थाओं में राकेश झालानी, संदीप कूलवाल, आयुष झालानी, विपुल मामोड़िया, संदीप दुसाद एवं भानु प्रकाश गुप्ता सहित कई समाजजनों ने सहयोग प्रदान किया।

## नायक समाज की बैठक आयोजित, धर्मशाला निर्माण और संस्था पंजीकरण पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** स्थानीय नायक समाज धर्मशाला में आज नायक समाज सभा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अखिल भारतीय नायक महासभा के पीलीबंगा तहसील अध्यक्ष कैलाश नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान समाज के विकास और एकजुटता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. महावीर प्रसाद नायक ने धर्मशाला निर्माण के मुद्दे पर जोर देते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने सुझाव दिया कि धर्मशाला के निर्माण कार्य को गति देने के लिए विधायक एवं सांसद कोटे से बजट प्राप्त करने के प्रयास किए जाने चाहिए। वहीं, हेतराम कल्याणा ने समाज की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए %नायक समाज सभा समिति% का विधिवत संस्था रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करवाने का प्रस्ताव रखा, ताकि भविष्य में सामाजिक कार्यों को आधिकारिक और कानूनी रूप से सुचारू रूप से चलाया जा सके। इस अवसर पर हेतराम कल्याणा, बिट्टू नायक, सुभाष बोयत, राजेंद्र लावा, देशराज चांवरिया, रोहित नायक, भूपेंद्र जडेजा, रणवीर लोहरा, पवन दूपग्गा, राजू बोयत, नंदकिशोर पंवार, डॉक्टर महेन्द्र कल्याणा, राजू टेलर और भागीरथ कल्याणा सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में समाज के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों का संकल्प लिया गया।

## पण्डितांवाली में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 8 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को ग्राम पंचायत पण्डितांवाली के ठाकुर जी महाराज मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पीलीबंगा उपखंड क्षेत्र से आए वरिष्ठ प्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने की रूपरेखा तैयार की। बैठक में पीलीबंगा से जसवंत सोनी (एडवोकेट) और देवेन्द्र शेखावत विशेष रूप से सम्मिलित हुए। सम्मेलन के सुव्यवस्थित संचालन और प्रबंधन के लिए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें भूपचन्द उपाध्याय को संरक्षक, सुरेन्द्र जंगला को संयोजक तथा लालचन्द गोस्वामी को सह-संयोजक का दायित्व सौंपा गया ।बैठक के दौरान वक्ताओं ने सम्मेलन की सफलता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आम बैठक संपन्न

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के एक निजी गार्डन में महात्मा फुले ब्रिगेड एवं ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के संयुक्त तत्वावधान में प्रस्तावित सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आम बैठक समिति अध्यक्ष रामसिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाएँ और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष रामसिंह सैनी ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समय की आवश्यकता है। ऐसे आयोजनों से समाज को दान-दहेज, अनावश्यक खर्च और समय की बर्बादी से राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक एकता का प्रतीक है और सभी समाजों को इस दिशा में आगे आना चाहिए।

## शोक सूचना



बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे परिवार के पूजनीय श्री शिवचरण जी तिवाड़ी का स्वर्गवास दिनांक 18 जनवरी 2026, रविवार को हो गया। स्वर्गीय श्री शिवचरण जी तिवाड़ी की आत्मा की शांति हेतु तिये की बैठक दिनांक 19 जनवरी 2026, सोमवार को दोपहर 2.00 बजे से 4.00 बजे तक हमारे निज निवास, तिवाड़ी नगर, एस्सार पेट्रोल पंप के पास, फुलवाड़ा, हिंडौन सिटी में आयोजित की जाएगी।

सभी इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों से उक्त अवसर पर पधारकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का विनम्र निवेदन है।

**शोकाकुल परिजन-**

पत्नी गीता देवी, कृष्णा तिवाड़ी, भगवान तिवाड़ी, रामावतार तिवाड़ी, विष्णु,सतीश,गोविंद,शुभम तिवाड़ी पत्रकार(पुत्र) (भ्राता)नरेंद्र तिवाड़ी, शिवकुमार तिवाड़ी, रामस्वरूप तिवाड़ी

भतीजे-दिनेश तिवाड़ी, वेदप्रकाश तिवाड़ी,देवेंद्र तिवाड़ी

# गजब के गुणवान गनमैन
# माननीय को बता रहे कम गुणवान

- छवि चमकानी है या हंसी का पात्र बनवाना है यह वे ही जाने
- माननीय ने फ्री हैंड कर रखा है इसलिए बटरिंग तो बनती है




बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** हमारे माननीय गुणवान न होते तो सत्ता तक न पहुंचते, लेकिन प्रचार का जिम्मा जब नौसिखियों के हाथ हो तो बटरिंग के चक्कर में कब क्या बोल या लिख दे, कह नहीं सकते। यहां तक कि माननीय को ही कम गुणवान बताते देर नहीं लगती। लगता है माननीय ने इनको कुछ ज्यादा ही कमान दे रखी है या यूं कहे कि एक तरह से फ्री हैंड कर रखा है। लिहाजा माननीय की नजरों में अपना नम्बर और ज्यादा बढ़ाने की खातिर कुछ बटरिंग तो बनती ही है। अब बटरिंग के चक्कर में तुकबंदी ही ऐसी बन गई तो कोई क्या कर सकता है। इस तुकबंदी से माननीय की छवि चमकानी है या हंसी का पात्र बनवाना है यह गनमैन ही जाने।

### माननीय को ही मनवा दिया वे इतने गुणवान नहीं है

मामला सिरोही के एक जनप्रतिनिधि से जुड़ा हुआ है। तुकबंदी में अपनी तरफ से जब माननीय को ही मनवा दिया कि वे इतने गुणवान नहीं है तो आखिर हम किस खेत की मूली है। तुकबंदी आई तो कई लोगों ने ठेंगा दिखाती, हाथ जोड़ती, लव यू और ताकत दिखाती इमोजीज भी पोस्ट कर दी। खैर, जो भी हो हमें क्या करना है माननीय के गनमैन और वो भी खासोखालुस, हम कौन होते हैं उनकी तुकबंदी या कविताओं पर अंगुली उठाने वाले।

### तलवार वाली बालाओं के बीच खड़े माननीय

माननीय की छवि चमकाने के लिए गनमैन ने सोशल मीडिया पर एक तुकबंदी लिख दी। बकायदा माननीय का फोटो व उनके साथ हाथों में तलवार लेकर बालाएं खड़ी नजर आ रही है। इसी फोटो के साथ तुकबंदी वायरल कर दी। अब फोटो तो अच्छा ही है, लेकिन इसके साथ तुकबंदी की जो चार पंक्तियां लिख दी पर उसका अर्थ इनको भी शायद ही पता हो।

### खासोखालुस गनमैन की गजब की तुकबंदी

हो सकता है तुकबंदी समझने में हमसे कोई भूल हो गई हो या यह भी हो सकता है माननीय के खासोखालुस गनमैन ने बहुत ही गजब की तुकबंदी की हो। इसलिए ज्यादा तो कुछ नहीं कहेंगे पर फैसला हम आप पर ही छोड़ते है। अब आप यह तुकबंदी पढ़िए और इसका अर्थ निकालिए या अनर्थ का मजा लीजिए, यह आप जानें। पढ़िए माननीय के गनमैन की यह तुकबंदी ...

**हमारी कश्ती के अब हम ही है कप्तान!**
**हमने थाम ली हाथ में अपनी कमान।।**
**माना, हम नहीं हैं इतने गुणवान,**
**पर हमारी मेहनत जारी करेगी अपने फरमान।।**

... इस तुकबंदी के साथ 'स्माइलिंग फेस विद् हर्ट आइज' की इमोजी भी बना रखी है।

# विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित
# पावटा में 7 फरवरी को होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पावटा में 7 फरवरी 2026 को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। हिन्दू सम्मेलन को लेकर रविवार को कस्बे के रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका में पावटा मण्डल की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में सर्व सम्मति से विराट हिन्दू सम्मेलन समारोह समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। तथा सम्मेलन के आयोजन पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी 7 फरवरी 2026 को पावटा में विराट हिन्दू सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया । सम्मेलन की तैयारियों के लिए 20 जनवरी दोपहर 3 बजे आयोजन समिति की कार्यकारिणी बैठक तय की गई जिसमें सम्मेलन को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए रूपरेखा तैयार की जायेगी । इस अवसर खण्ड संघचालक डॉ किशन लाल शर्मा, सीताराम बुनकर शाहपुरा दवा व्यवसायी , पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति पावटा खण्ड अध्यक्ष गोपाल मंगल, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, नवनीत गौड़, मनीष सैन, विद्या भारती पूर्व प्रान्तीय सचिव अशोक कुमार पारीक, डॉ जयराम यादव , लक्ष्मीनारायण शर्मा, ओमवीर लम्बोरा, मोहन लाल सैनी, सुनील पंसारी , अपर्णा गोयल , महेश थानेदार , विनोद पारीक, रघु मिश्रा, गोवर्धन प्रजापत , भविष्य शर्मा, गजानन्द टीलावत, शंकर पाकोजरा सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।



## गजसिंहपुर थाना प्रभारी को सम्मानित करते हुए पुरानी आबादी श्रीगंगानगर में नियुक्त किया

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ गजसिंहपुर थाना प्रभारी रह चुकीं सम्मानित श्रीमती सीर कौर जी को पुरानी आबादी थाना में नियुक्त किए जाने तथा सीआई पद पर पदोन्नत होकर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। आपकी निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और कानून व्यवस्था के प्रति सजगता ने आपको हमेशा अलग पहचान दिलाई है। गजसिंहपुर में आपके कार्यकाल के दौरान नशे, चोरी और अन्य अपराधों पर जो प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ, उसने आपको जनता के बीच सिंघम के रूप में सम्मान दिलाया। अनुशासन, दृढ़ता और जनसेवा की आपकी शैली समाज के लिए प्रेरणादायक है। विश्वास है कि आप अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता और दृढ़ संकल्प के साथ मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी ।आपके उज्वल भविष्य, सफल कार्यकाल और निरंतर प्रगति की हार्दिक मंगलकामनाएँ।

# रोजगार व आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में क्रांति लाएगी योजना
## - राज्यमंत्री व सांसद ने बताई वीबी-जी-राम-जी योजना की खूबियां

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** वीबी-जी-राम-जी योजना को लेकर राज्यमंत्री ओटाराम देवासी व सांसद लुम्बाराम चौधरी ने रविवार को यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। इसमें योजना की खूबियां बताई तथा कहा कि इस योजना से गांवों में रोजगार व आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। वहीं, आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता लोगों को भ्रमित कर जी-राम-जी योजना का दुष्प्रचार कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पूर्व में संचालित मनरेगा योजना को संशोधित करते हुए और बेहतर बनाया गया है। इसके तहत रोजगार गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया है, ताकि श्रमिकों की वार्षिक आय में वृद्धि हो सके। बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण व उपस्थित प्रणाली से फर्जी श्रमिकों, नकली जॉब कार्ड व फर्जी भुगतान पर रोक लगेगी। बताया कि यह योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री, लोकेश खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

### आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट की

राज्यमंत्री ने रामझरोखा मंदिर की भूमि पर बने पट्टों को लेकर भी अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि इस मामले में उच्चस्तरीय कमेटी गठित की गई है, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। पट्टों को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को सिरे से खारिज किया।



जिला संगठन को भी इस मामले में पूरी तरह अपने साथ बताया।

जनता की मर्जी के बगैर जमीन नहीं जाएगी

उधर, पिण्डवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित कमलेश मेटाकास्ट खनन परियोजना के मामले में बताया कि जनता की मर्जी के बगैर उनकी जमीन कैसे जा सकती है। स्थानीय प्रतिनिधियों को साथ लेकर वे मुख्यमंत्री से मिलकर आए हैं। चार पंचायतों के ग्रामीणों के साथ मिलकर समाधान करने को प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री ने उनके सामने ग्रामीणों से कहा है कि ग्रामीणों को इस मामले में न्यायालय में जाना चाहिए एवं सरकार उनके साथ खड़ी है।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान महिला कांग्रेस की पहली प्रदेश कार्यकारिणी बैठक रविवार, को जयपुर स्थित पीसीसी कार्यालय में सभी प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में एआईएमसी से राजस्थान प्रभारी नूरी खान एवं दीप्ति सिंह विशेष रूप से शामिल हुईं। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह ने की बैठक में महिला कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों, संगठन को मजबूत करने एवं महिला सशक्तिकरण को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही महिला कांग्रेस पदाधिकारियों को प्रोटोकॉल के अनुसार अग्रिम पंक्ति में स्थान दिलाने पर भी सहमति बनी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव पद हेतु नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

# अनूपगढ़ में पूर्व केबीनेट मंत्री राजस्थान सरकार के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राजेन्द्र राठौड़ पूर्व केबिनेट मंत्री राजस्थान के अनूपगढ़ आगमन के अवसर पर नगरपालिका अनूपगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत अनूपगढ़ शहरी क्षेत्र में घर घर कचरा संग्रहण के कार्य का शुभारम्भ राजेन्द्र राठौड़ पूर्व केबिनेट मंत्री एवं श्रीमती प्रियंका बैलाण पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका अनूपगढ़ द्वारा ऑटो टिपर वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अभय कुमार मीणा ने बताया कि घर-घर कचरा संग्रहण कार्य से शहर की मुख्य समस्या का समाधान हो जायेगा, जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर की रैंक में सुधार होगा। तत्पश्चात् डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम का निरीक्षण किया। ने राज्य सरकार से सिन्थेटिक ट्रैक की मांग की जिससे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके। इसके बाद पूर्व केबिनेट मंत्री द्वारा शहीद भगत सिंह पब्लिक पार्क, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ स्टेच्यू, वेयर हाउस रोड़ डिवाईडर आदि जगहों पर पालिका द्वारा करवाये गये विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया गया।



उन्होने पालिका द्वारा करवाये गये विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती संतोष बावरी, श्रीमती शिमला बावरी, पवन दुग्गल, शहर के गणमान्य नागरिक नगरपालिका के कर्मचारी मनफूल राम कनिष्ठ अभियन्ता, कपिल जावा कार्यवाहक स्वच्छता निरीक्षक, मामराज वाहन प्रभारी अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बांकेबिहारी मंदिर का 59वां पाटोत्सव 28-29 को

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** सूरजपोल गेट बाहर स्थित बांकेबिहारी मंदिर का 59वां पाटोत्सव महोत्सव 28 व 29 जनवरी को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित किया जाएगा। मंदिर अध्यक्ष माणक डाणी ने बताया कि मंदिर की स्थापना 59 वर्ष पूर्व हीरालाल जगन्नाथ डाणी परिवार द्वारा ठाकुर बांकेबिहारीजी की युगल प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ की गई थी, तब से प्रतिवर्ष धार्मिक आयोजनों की परंपरा चली आ रही है मंदिर मंत्री राजेंद्र गर्ग के अनुसार 28 जनवरी को प्रातः पूजा-अर्चना, ध्वजारोहण, पंचामृत अभिषेक, श्रृंगार दर्शन व महाआरती तथा दोपहर बाद भजन प्रवाह होगा। सायं छप्पनभोग अर्पण एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा दूसरे दिन 29 जनवरी को प्रातः ध्वजारोहण एवं दोपहर बाद भजनोत्सव आयोजित होगा।

# विराटनगर की जनता का कल्याण मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता : कुलदीप धनकड़
## भांकरी निवास पर आयोजित हुई जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ ने रविवार को अपने निजी निवास भांकरी पर जनसुनवाई का आयोजन किया, जिसमें विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गाँवों और कस्बों से पहुंचे आमजन ने समस्याएँ, सुझाव और जनहित से जुड़े मुद्दे विधायक के समक्ष रखे। जनसुनवाई में सबसे अधिक शिकायतें बिजली, पेयजल आपूर्ति और जर्जर सड़कों की स्थिति से संबंधित रहीं। जनता की बात सुनते हुए विधायक धनकड़ ने कहा कि विराटनगर की जनता का कल्याण मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए प्रशासन को जवाबदेह बनाया जा रहा है। जनहित के मुद्दों का समाधान समयबद्ध व पारदर्शी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि आगामी बजट सत्र 2025-26 को ध्यान में रखते हुए यह जनसुनवाई विशेष रूप से आयोजित की गई है ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकताओं के क्रम में बजट में शामिल करवाया जा सके। उन्होंने आमजन से सीधे सुझाव लेते हुए कहा की आप बताएं क्षेत्र की कौन-कौन सी मूल आवश्यकताएँ बजट में शामिल होनी चाहिए, ताकि विराटनगर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। जनसुनवाई के दौरान कई शिकायतों पर विधायक ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया और त्वरित व गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए।

बिजली व्यवस्था सुधार, पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करने, सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विधायक धनकड़ ने कहा विकास में देरी सहन नहीं की जाएगी। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता मिले और जनता को सुविधा मिले। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि, युवा एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे और जनसुनवाई को सफल बनाने में सहयोग दिया।



# हिंदू सम्मेलन में हजारों सनातनियों का हुआ समागम
# जय श्रीराम के नारों से गूंजा रींगस शहर

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** कस्बे के प्राचीन मठ मंदिर परिसर में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राममूर्तिदास महाराज, मोहनदास महाराज, गोविंद महाराज एवं लक्ष्मण दास महाराज के पावन सानिध्य में भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में सनातनी शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल भगवान श्री राम व सनातनी एकता के नारों से गूंज उठा। सम्मेलन की शुरुआत मां भारती की पूजा अर्चना करके किया गया। मंचस्थ संत-महात्माओं एवं सामाजिक प्रतिनिधियों का समाजसेवी सुरेश मील, शिक्षाविद प्रदीप शर्मा, डॉ. अजय सक्सेना, राधाकृष्ण रंणवा, सुरेन्द्र कड़वासरा, कविता सक्सैना, मल्लिका खत्री, आरती शर्मा, सुनील कुमावत एवं सुरेंद्र यादव ने शॉल ओढ़ाकर व श्याम दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। सम्मेलन को आयोजन समिति के संरक्षक वैद्य शिंभू दयाल शर्मा, राममूर्तिदास महाराज, प्रांत प्रचारक बाबूलाल, स्वाति शर्मा एवं डॉ. भंवर सिंह ताखर ने संबोधित किया। वक्ताओं ने हिंदू एकता व अखंडता पर जोर देते हुए जाति-पांति के भेदभाव को मिटाकर संगठित रहने का आह्वान किया। इससे पूर्व श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति, जाट समाज, गुर्जर समाज, अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज, सैन समाज, नामदेव समाज, वाल्मीकि समाज, सहित विभिन्न समाज के लोग देवी-देवताओं एवं महापुरुषों की भव्य झांकियां निकालते हुए आयोजन स्थल पहुंचे। झांकियां कस्बे के आजाद चौक से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए मठ मंदिर पहुंची। कस्बे में जगह जगह पुष्प वर्षा करके झांकियों का स्वागत किया गया। भजन गायक संतोष व्यास ने भजनों के माध्यम से हिंदू एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति अध्यक्ष कैलाश वशिष्ठ ने सभी काआभार व्यक्त किया। सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन में पधारे सभी सनातनियों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा एवं मदनलाल सैनी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्काउट गाइड का भी सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर उदयभान धींगड़ा, भरताराम सारण, दुर्गा धींगड़ा, कौशल्या चौधरी, कैलाश चंद छीपा, पोखरमल कुमावत, बोदूराम कुमावत, गणपतराम मीणा, गणेशाराम यादव, पेमाराम चौधरी, मूलचंद जांगिड़, मामराज गुर्जर, विष्णु सैन, राजकुमार काबरा, भारत धींगड़ा, गुलाबचंद, कन्हैयालाल शर्मा, ललित अग्रवाल, रक्षपाल सिंह धायल, गोवर्धन अग्रवाल, झाबर मल बिजारणियां, धन्नाराम बलौदा, कमलेश लौच्छिब, एड. कैलाश चंद धायल, राकेश भादूपोता, शंकर सिंह शेखावत, सुभाष बिजारनियां, सुरेश खरेशिया, मुकेश निठारवाल, गोगराज भामू, बीरबल निठारवाल सहित हजारों की संख्या में सनातनी उपस्थित रहे।




## बीस से अधिक पदक जीतने वाली सरिता सैनी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** स्वेज फार्म सोडाला स्थित राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के स्नेह मिलन समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाली खिलाड़ी सरिता सैनी को सम्मानित किया गया। समारोह में समाज के गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही। सरिता सैनी ने अब तक 20 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर प्रदेश, देश और समाज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति हंसराज सैनी (कांग्रेस मंडल अध्यक्ष) को देते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग और समर्थन के कारण ही वह इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं। साथ ही उन्होंने अपने कोच अजय धमेजा के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान सरिता सैनी को राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की जयपुर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर महासभा की जयपुर जिला अध्यक्ष काजल सैनी ने उन्हें बधाई देते हुए आशा जताई कि सरिता आगे भी खेल जगत में नई उपलब्धियां हासिल कर समाज और प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगी।

## 25 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की सफलता के लिए भगवान गणेश को दिया निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** शहर में विराट हिन्द सम्मेलन को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में आज आयोजकों द्वारा भगवान गणेश जी के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर गणेश निमंत्रण दिया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ निकाले गए गणेश निमंत्रण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए और आगामी आयोजन की सफलता की कामना की। आयोजकों ने बताया कि विराट हिन्द सम्मेलन का भव्य आयोजन 25 जनवरी 2026 (रविवार) को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2:00 बजे से जय विलास गार्डन, भोजलावा रोड, चौमूं में होगा। सम्मेलन में संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ, संतों एवं विद्वानों का उद्बोधन, पंच परिवर्तन, दीपदान तथा अखंड भारत माता की आरती जैसे धार्मिक एवं राष्ट्र जागरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर अध्यक्ष जगदीश शर्मा, संरक्षक वेदाचार्य पंडित अरुण कुमार शर्मा सहित विराट हिंदू सम्मेलन गायत्री बस्ती के लोग मौजूद रहे।

## अवैध हथियार व शराब सहित दो गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पुलिस थाना कोटखावदा की टीम ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पूर्व में चालान शुदा अपराधियों की चेकिंग और मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग कार्यवाहियों में अवैध हथियार और शराब सहित अपराधियों को निशाना बनाया। इस कार्रवाई में दो अभियुक्त गिरफ्तार किए गए, जबकि एक फरार है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि रविवार अलसुबह थाना कोटखावदा की टीम ने अभियान के दौरान दो अलग-अलग अभियुक्तों के कब्जे से अवैध हथियार बरामद किए। इनमें एक देशी बंदूक और एक धारदार पूरो शामिल है। इसके अलावा त्रिलोकीनाथ पुरा में सरसों की फसल के बीच हथकढ़ शराब बनाने की सूचना पर पुलिस ने 20 लीटर हथकढ़ शराब और करीब 5 हजार लीटर वाश को नष्ट किया। वहीं आदित्य पाटीदार उर्फ टिकू निवासी कोटखावदा और सुरजमाल बावरिया निवासी गोपाल नगर को गिरफ्तार किया गया और वहीं एक अन्य आरोपित श्रीराम मीणा निवासी त्रिलोकीनाथ पुरा फरार चल रहा है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ने बताया कि जिले में चालान शुदा और वांछित अपराधियों की धरपकड़ लगातार जारी रहेगी।

## खेत में पतंग उड़ा रहीं आठ साल की नाबालिग से छेड़छाड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** तुंगा थाना पतंग उड़ा रहीं आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनो की शिकायत पर आरोपी युवक को शनिवार देर शाम पॉस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाले पीड़ित युवक ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी आठ साल की बेटी गुरुवार शाम के खेत में पतंग उड़ा रहीं थी। इसी दौरान नाबालिंग को अकेला पाकर एक युवक उसके पास आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जिसके बाद आरोपी नाबालिंग को धमका कर मौके से चला गया। नाबालिग रोते -रोते घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। आरोपी युवक की हरकतों के बारे में पता चलने के बाद परिजन पीड़ित नाबालिग को लेकर थाने पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक को दबोच लिया।

## स्विमिंग ट्रेनिंग के कोच ने 11वी छात्रा से की छेड़छाड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बजाज नगर थाना इलाके में स्विमिंग ट्रेनिंग देने वाले कोच ने एक 11वी क्लास की छात्रा से अश्लील हरकते की। जिसके बाद पीडित्त छात्रा ने कोच की हरकतों के बारे में परिजनों को बताया। गुस्साए परिजनों ने पीडित्त नाबालिग छात्रा को थाने ले जाकर आरोपी कोच के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीडित्त छात्रा के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। वहीं मामले की भनक लगने के बाद आरोपी कोच अपना मोबाइल फोन बंद फरार हो गया। थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि 11 वीं क्लास में पढने वाली 16 वर्षीय छात्रा की मां का आरोप है कि उसकी बेटी प्राईवेट स्कूल में पढ़ती है और स्विमिंग की ट्रेनिंग कर रहीं है। आरोप है कि करीब 2 साल से स्विमिंग ट्रेनिग के दौरान कोच उसके साथ अश्लील हरकते करता है। मामले की जानकारी मिलने के बाद गुस्साई मां ने कोच से समझाईश की ।

लेकिन कोच ने नाराजगी जाहिर करते हुए नाबालिग छात्रा को ट्रेनिंग देना बंद कर दिया।जिसके बाद पीडित्त मां ने आरोपी कोच के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। बताया जा रहा है पीडित्त मां ने मामले की जानकारी स्कूल प्रशासन को भी दी। लेकिन वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## तुषार गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दिनांक 17 जनवरी 2026 को परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति (रजि) एवम् विजय इलेक्ट्रिक सर्विस, विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय श्री तुषार गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गुर्जर की थड़ी के पास, मोती नगर स्थित परमार्थ भवन पर किया गया। दिनेश विजय, निदेशक, विजय इलेक्ट्रिक सर्विस ने बताया कि 52 व्यक्तियों द्वारा स्वेच्छा से जनकल्याण की भावना से ओतप्रोत होकर रक्तदान किया गया। कार्यक्रम का क्रियान्वयन महावीर कैंसर अस्पताल ब्लड बैंक के उच्च स्तरीय चिकित्सकों की निगरानी में सम्पन्न हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम के अवसर पर परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के अध्यक्ष, श्री श्याम विजय एवम् अन्य पदाधिकारी ज्ञान स्वरूप भटनागर, नवल पारीक, नरेन्द्र कुमार टांक, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, रामावतार माहेश्वरी, गजेन्द्र टांक, राधे श्याम सोनी, जे एन मीणा उपस्थित रहे।

## सूंघ कर लेने वाली इन्सुलिन से बार बार इंजेक्शन्स से मिल सकेगी राहत

**13वां वार्षिक एंडो डायाकॉन सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न**

**देशभर से 25 विशेषज्ञ फैकल्टी, लगभग 200 प्रतिनिधियों की सहभागिता**

बढ़ता राजस्थान




उदयपुर (नि.स.)। एमएमएस द एंडोक्राइन एंड डायबिटीज रिसर्च ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित 13वां वार्षिक एंडो डायाकॉन राष्ट्रीय सम्मेलन रमाडा रिसोर्ट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से 25 राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फैकल्टी एवं लगभग 200 डेलीगेट्स ने भाग लिया। सम्मेलन में विषय विशेषज्ञों ने सूंघ कर लेने वाली इन्सुलिन से बार-बार इंजेक्शन से राहत मिलने पर जोर दिया। इससे अब आमजन को राहत मिल सकेगी। डायबिटीज उपचार में नए शोध पर विशेष फोकस सम्मेलन में कुल 9 वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए गए, जिनका मुख्य केंद्र डायबिटीज के उपचार में नवीन शोध और आधुनिक थेरेपी रहा। प्रथम सत्र में पोस्ट-प्रांडियल (खाने के बाद) हाई ब्लड ग्लूकोज की समस्या, उसके महत्व और प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई।

**इनहेलेशनल (सूंघकर लेने वाली) इंसुलिन से इंजेक्शन से राहत**

डॉ. अतुल धिंगरा ने अपने व्याख्यान में इनहेलेशनल इंसुलिन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह तकनीक डायबिटीज रोगियों को रोज-रोज के इंजेक्शनों से बड़ी राहत दे सकती है और उपचार की स्वीकार्यता बढ़ा सकती है। हार्मोन और बांझपन पर विशेषज्ञों की श्रृंखलाबद्ध चर्चा-सम्मेलन में हार्मोन के प्रभाव और पुरुष एवं महिला बांझपन में उनकी भूमिका पर कई विशेषज्ञों ने विचार रखे। डॉ. दीपक खंडेलवाल ने विशेष रूप से थायरॉयड हार्मोन विकारों का महिला प्रजनन स्वास्थ्य और प्रजनन क्षमता पर प्रभाव विस्तार से समझाया।

**पोस्टग्रेजुएट्स द्वारा 25 फ्री पेपर्स का वाचन**

सम्मेलन में मेडिसिन के पोस्टग्रेजुएट छात्रों द्वारा 25 फ्री पेपर्स प्रस्तुत किए गए, जिससे युवा चिकित्सकों को शोध एवं अकादमिक मंच मिला। आयोजन टीम और धन्यवाद ज्ञापन-इस सम्मेलन के आयोजन में डॉ. डी. सी. शर्मा ,डॉ. एस. के. शर्मा, डॉ. संदीप कंसारा, डॉ. जय चोरडिया, डॉ. मोना सूद, डॉ. राहुल सहलोत एवं डॉ. विनोद बोकाडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एमएमएस द एंडोक्राइन एंड डायबिटीज रिसर्च ट्रस्ट के चेयरमैन एवं वरिष्ठ कंसल्टेंट एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. डी. सी. शर्मा ने सभी फैकल्टी सदस्यों, डेलीगेट्स एवं आयोजक टीम का सम्मेलन को सफल बनाने हेतु हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया।

## मैरियट में रंगों का जादू
## फूड विज़ार्ड शेफ प्रतियोगिता में आर्ट एग्ज़ीबिशन बना आकर्षण का केंद्र



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** डीएसएचएम द्वारा आयोजितश फूड विज़ार्ड शेफ प्रतियोगिता (सीजन्-3) के अवसर पर जयपुर मैरियट होटल में एक भव्य आर्ट एग्ज़ीबिशन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का क्यूरेशन प्रसिद्ध कलाकार मीनााक्षी भटनागर और निकिता प्रधान ने किया, जिसमें उनकी सृजनात्मक सोच और कलात्मक दृष्टि साफ झलकी। प्रदर्शनी में प्रदर्शित पेंटिंग्स और आर्टवर्क्स रचनात्मकता, रंगों के बेहतरीन संयोजन और नवीन प्रस्तुति शैली के कारण दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गए। कला में विषयों की विविधता और सौंदर्य ने होटल में पहुंचे मेहमानों, शेफ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों और कला प्रेमियों को खासा प्रभावित किया। आगंतुकों की ओर से मिली जबरदस्त सराहना और सकारात्मक प्रतिक्रियाओं ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। कला प्रेमियों ने कलाकारों की प्रतिभा की खुले दिल से प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। प्रदर्शनी की सफलता से उत्साहित मीनााक्षी भटनागर और निकिता प्रधान ने कहा कि कला के प्रति लोगों का बढ़ता रुझान कलाकारों के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। फूड विज़ार्ड शेफ प्रतियोगिता के साथ कला का यह अनूठा संगम आयोजन की खास पहचान बना और डीएसएचएम के इस प्रयास को हर ओर से सराहना मिली।

## रोटरी क्लब रींगस ने आयोजित किया 115वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** रींगस रोटरी क्लब रींगस द्वारा कस्बे की श्री रामानंद पाठशाला में रविवार को प्रातः दस बजे से दोपहर दो बजे तक 115वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजित किया गया। शिविर में ताखर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का विशेष सहयोग रहा। शिविर का शुभारंभ रोटेरियन डॉ अजय सक्सेना,सहप्रांतपाल डॉ. भंवर सिंह ताखर, रोटरी अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता,पी एस राजपूत,रघुनाथ जाट,सुभाष बिजारणियां, एडवोकेट दीपक बाजिया, रोटरी सचिव राजेंद्र यादव द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।शिविर संयोजक झाबरमल निठारवाल ने बताया कि रोटरी क्लब रींगस द्वारा यह निशुल्क चिकित्सा व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को किया जाता है। शिविर में जगदीश प्रसाद द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा, डॉ. भंवर सिंह ताखर द्वारा फिजियोथैरेपी चिकित्सा, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता द्वारा बाल एवं शिशु रोग व पी एस राजपूत द्वारा घरेलू नुस्खों से 74 मरीजों का इलाज किया गया।शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा 75 नेत्र रोगियों की जांच कर 44 रोगियों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित मरीजों को जयपुर ले जाकर लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा व वापस रींगस छोड़ा जाएगा।रोटरी क्लब रींगस द्वारा आयोजित शिविरों में अब तक 3195 लैंस प्रत्यारोपण कर लोगों को आंखों की रोशनी प्रदान की गई है। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ ईशा, डॉ प्रिया,शिविर प्रभारी दीनदयाल पंवार,नर्सिंग स्टाफ अनीता यादव, अनसूया,अनुराधा,नवजोत ने अपनी सेवाएं दी। सुमित काबरा ने होम्योपैथिक चिकित्सा दवा वितरण में सहयोग प्रदान किया। रोटरी क्लब रींगस द्वारा फरवरी माह में निःशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण कैंप रविवार 15 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।सीसीए शिक्षण संस्थान के स्काउट अनुष सैन , दिग्वेंद्र सिंह, नितेश सांमरिया,प्रिंस योगी ने सहयोग प्रदान कर शिविर को सफल बनाया।

## प्राकृतिक इलाज की ओर बढ़ता जयपुर यूनानी चिकित्सा को मिल रहा प्यार

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। राजस्थान सरकार द्वारा आयुष विभाग के तत्वावधान में जवाहर कला केन्द्र में 15 से 18 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय आरोग्य मेले में यूनानी चिकित्सा लोगों की पहली पसंद बनती जा रही है। मेले में यूनानी पद्धति के स्टॉल्स पर सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ रही है। यूनानी चिकित्सा में जहां परंपरागत इलाज की सुविधाएं दी जा रही हैं, वहीं हिज़ामा थैरेपी लोगों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। दर्द, तनाव, जोड़ों की समस्याओं और कई पुरानी बीमारियों में राहत देने वाली इस थैरेपी को लेकर आमजन में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यूनानी नोडल अधिकारी डॉ. लियाक़त अली मंसूरी, जो सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में कार्यरत हैं, स्वयं स्टॉल्स की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और मरीजों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मेले में आने वाले लोगों को परामर्श और उपचार उपलब्ध करा रही है। आरोग्य मेले में यूनानी चिकित्सा न केवल इलाज का माध्यम बन रही है, बल्कि लोगों को प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार पद्धतियों के प्रति जागरूक भी कर रही है। यही वजह है कि मेले में हर उम्र के लोग यूनानी स्टॉल्स की ओर खिंचे चले आ रहे हैं।

## सम्पादकीय

# बीएमसी में खींचतान, दोनों दलों के बीच साफ दिख रहा अविश्वास

एकनाथ शिंदे ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका यानी बीएमसी चुनाव में जीते अपने पार्षदों को जिस तरह एक होटल भेज दिया, उसका औचित्य समझना कठिन है। आखिर एकनाथ शिंदे के पार्षदों को किससे खतरा है? क्या उनके पार्षदों के टूटने की आशंका है या फिर वे भाजपा के मेयर को समर्थन देने की कोई कीमत वसूलना चाहते हैं? कारण जो भी हो, यह किसी से छिपा नहीं कि भाजपा और उसकी सहयोगी शिवसेना के बीच खटपट चलती ही रहती है। विधानसभा चुनावों के बाद भी दोनों दलों के बीच खींचतान देखने को मिली थी। इसके बाद विभागों के बंटवारे को लेकर भी दोनों दलों के बीच मतभेद सामने आए थे। शिंदे शिवसेना की मानें तो उनके पार्षदों को पार्षद के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए होटल में एकत्रित किया गया है, लेकिन इस तर्क में कोई बहुत नहीं दिखता और इसीलिए विपक्षी दल उस पर कटाक्ष करने में लगे हुए हैं। उन्हें कटाक्ष बीएमसी में खींचतान, दोनों दलों के बीच साफ दिख रहा अविश्वास का यह अवसर शिंदे शिवसेना ने स्वयं ही उपलब्ध कराया है। समझना कठिन है कि जब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना राज्य की सत्ता में साझेदार है और उसने बीएमसी के साथ महाराष्ट्र के अन्य निकाय चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़े थे, तब फिर अपने पार्षदों को एकत्रित क्यों कर रही है? यह देखना दयनीय है कि जब दोनों दलों के पार्षदों को मुंबई की सूरत संवारने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए, तब उनके बीच अविश्वास देखने को मिल रहा है। हैरानी नहीं कि शिंदे शिवसेना के पार्षदों ने इसलिए होटल में डेरा जमाया हो, ताकि वे बीएमसी में मलाईदार पद हासिल कर सकें। जो भी हो, दोनों दलों के बीच का अविश्वास बीएमसी की उनकी शानदार जीत को मलिन ही कर रहा है। यह निराशाजनक है कि राजनीतिक दल नगर निकाय के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए तो हरसंभव जतन करते हैं, लेकिन नगरों की दशा-दिशा बदलने की ईमानदारी से कोई कोशिश करते नहीं दिखते। राजनीतिक दलों के इसी रवैये के कारण देश के छोटे-बड़े शहर दुर्दशा से ग्रस्त हैं। चिंताजनक यह है कि उनकी दुर्दशा बढ़ती चली जा रही है। मुंबई सरीखे जिन महानगरों को नगरीय ढांचे में सुधार करके कोई मिसाल कायम करनी चाहिए, वे इसमें बुरी तरह नाकाम सिद्ध हो रहे हैं। इस नाकामी के चलते ही शहरी जीवन कष्टप्रद बनता चला जा रहा है। हमारे अधिकांश शहर गंदगी-प्रदूषण और ट्रैफिक जाम से तो ग्रस्त रहने ही लगे हैं, उनमें झुग्गी-बस्तियां




भी बढ़ती चली जा रही हैं। बीएमसी देश का सबसे धनी नगर निकाय है। उसका बजट कई राज्यों के बजट से भी अधिक है, लेकिन इसके बावजूद मुंबई नागरिक सुविधाओं की दृष्टि से एक बदहाल महानगर है। यदि बीएमसी के मेयर का चयन सुगमता से नहीं होता तो देश की आर्थिक राजधानी का बदहाली से मुक्त होना कठिन ही होगा।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 19 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - विराट कोहली वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले कप्तान बने। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में मिशेल स्टार्क की गेंद पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की।
- भारत ने परमाणु हमला करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। आंध्र प्रदेश के समुद्री तट से दागी गई इस मिसाइल की मारक क्षमता 3,500 किलोमीटर है
- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव हेतु एक गारंटी कार्ड जारी किया, जिसे 'केजरीवाल गारंटी कार्ड' नाम दिया गया। इस गारंटी कार्ड में दिल्ली के लोगों से 10 सूचीबद्ध वायदे किये गए।
- 2013 - स्काटलैंड के ग्लेन कोए में हिमस्खलन में चार पर्वतारोहियों की मौत।
- 2010- पश्चिम बंगाल बिहार और उड़ीसा ने बीटी बैंगन का विरोध किया। देश के कुल बैंगन उत्पादन में इन तीन राज्यों का 60 प्रतिशत हिस्सा है। इसमें पश्चिम बंगाल 30 प्रतिशत, उड़ीसा 20 प्रतिशत व बिहार 11 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है।
- 2009-
- झारखण्ड में राजनीतिक अनिश्चितता को समाप्त करते हुए केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रपति शासन लगाने का निर्णय किया।
- सूर्यशेखर गांगुली ने पार्श्वनाथ शतरंज खिताब जीता।
- 2008-सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन' ने ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के साथ समझौता किया।
- श्रीलंका की सेना ने उत्तरी इलाके में हुए संघर्ष में उग्रवादी संगठन लिट्टे के 31 उग्रवादी मार गिराये।
- 2007 - जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार ओमान के सुल्तान काबूस बिन सईद बिन तैमूर अल सईद को प्रदान करने का फैसला।
- 2005 - सानिया मिजऱ्ा लॉन टेनिस के आस्ट्रेलिया ओपन के तीसरे दौर में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
- 2004 - हिमाचल प्रदेश में चम्बा ज़िले के गरौला गांव में एक बस के नदी में गिर जाने से 21 लोग मारे गए।

## विशेष आलेख

# सोमनाथ से सत्ता तकः आस्था की राजनीति और भाजपा का स्थायी प्रयोग



श्याम यादव

आडवाणी की रथ यात्रा से लेकर मोदी की सोमनाथ यात्राओं तक, भाजपा ने इस मंदिर को अपनी वैचारिक निरंतरता का आधार बनाया है। यह गठजोड़ किसी दस्तावेज़ में दर्ज नहीं, लेकिन हर चुनावी मौसम में, हर राष्ट्रवादी भाषण में उसकी उपस्थिति साफ दिखाई देती है। जब तक आस्था राजनीति की सबसे असरदार भाषा बनी रहेगी, सोमनाथ भाजपा की उस भाषा का सबसे मजबूत शब्द बना रहेगा।

सोमनाथ भारतीय राजनीति में अब केवल इतिहास या आस्था का विषय नहीं है। वह एक राजनीतिक संकेतक है—ऐसा संकेतक, जो यह बताता है कि सत्ता किस स्मृति को जीवित रखना चाहती है और किसे भुला देना चाहती है। आज़ादी के बाद जिस सोमनाथ को राष्ट्र निर्माण की बहस के बीच सावधानी से रखा गया था, वही सोमनाथ अब खुली राजनीतिक अभिव्यक्ति का मंच बन चुका है। फर्क बस इतना है कि तब सवाल धर्म और राज्य की दूरी का था, आज सवाल धर्म और सत्ता के विलय का है। 1947 के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर देश में तीखी बहस हुई थी। सरदार पटेल और के.एम. मुंशी इसे राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रश्न मानते थे, जबकि प्रधानमंत्री नेहरू राज्य को धार्मिक प्रतीकों से दूर रखने के पक्ष में थे। 1951 में जब मंदिर का लोकार्पण हुआ और राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद उसमें शामिल हुए, तब यह स्पष्ट हो गया कि धर्म और राजनीति की यह खींचतान आगे और गहरी होगी। यही वह ऐतिहासिक बिंदु था, जिसे बाद में भाजपा ने अपनी वैचारिक पूंजी में बदला।

जनसंघ के दौर में यह विचार हाशिये पर था। तब देश की मुख्यधारा राजनीति धर्मनिरपेक्षता के दायरे में खुद को सुरक्षित महसूस करती थी। लेकिन 1980 के बाद स्थितियां बदलने लगीं। भाजपा की स्थापना के साथ यह समझ बन चुकी थी कि केवल नीतियों और कार्यक्रमों से सत्ता तक पहुंचना मुश्किल है। भावनाओं को छूना होगा, और भारत में सबसे गहरी भावना आस्था है। 1984 के चुनाव में सिर्फ दो सीटें जीतने वाली भाजपा के लिए यह झटका नहीं, संकेत था—कि रास्ता बदलना होगा। 1990 की आडवाणी रथ यात्रा उसी बदले हुए रास्ते की पहली खुली घोषणा थी। सोमनाथ से अयोध्या तक निकली यह यात्रा किसी धार्मिक अनुष्ठान की तरह नहीं, बल्कि राजनीतिक अभियान की तरह संचालित की गई। रथ यात्रा के बाद देश में जो हुआ, वह दर्ज इतिहास है—सांप्रदायिक तनाव, हिंसा, सरकारों का गिरना। लेकिन इन सबके बीच भाजपा का ग्राफ लगातार ऊपर जाता रहा। 1989 में 85 सीटें, 1991 में 120 और 1996 में 161 सीटें। यह केवल चुनावी आंकड़े नहीं थे, यह इस बात का प्रमाण थे कि धर्म अब राजनीति की सबसे प्रभावी भाषा बन चुका है।

इस पूरी प्रक्रिया में सोमनाथ एक स्थायी संदर्भ बना रहा। वह यह बताने के लिए इस्तेमाल किया गया कि 'हमने इतिहास में अपमान सहा' और 'अब हम उसे सुधार रहे हैं।' यह सुधार मंदिर निर्माण तक सीमित नहीं रहा, यह स्मृति निर्माण तक फैल गया। इतिहास के जटिल अध्यायों को सरल कथा में बदला गयाटूटा, लूटा, फिर खड़ा किया गया। इस कथा में सवालों के लिए जगह नहीं थी, केवल विश्वास के लिए स्थान था।

2014 के बाद यह राजनीति और अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आई। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आस्था और सत्ता के बीच की औपचारिक दूरी लगभग समाप्त हो गई। प्रधानमंत्री के रूप में उनकी सोमनाथ यात्राएं निजी धार्मिक कर्मकांड नहीं रहीं। वे सार्वजनिक आयोजनों में बदलीं, जिनका सीधा राजनीतिक अर्थ निकाला गया। हर तस्वीर, हर वक्तव्य यह संदेश देता रहा कि अब राज्य धर्म से असहज नहीं है, बल्कि उसे मंच दे रहा है।

सरकारी आंकड़ों में इसे विकास का नाम दिया गया। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाएं शुरू हुईं। सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट की आय में भारी वृद्धि हुई, गुजरात में तीर्थाटन से होने वाली आमदनी कई गुना बढ़ी। विकास और आस्था को एक ही फ्रेम में रखकर पेश किया गया। सवाल उठाने वालों को संस्कृति-विरोधी और आस्था-विरोधी बताया गया। इस तरह बहस को नैतिकता से बाहर कर दिया गया। भाजपा बार-बार कहती रही कि वह धर्म नहीं, संस्कृति की राजनीति करती है। लेकिन व्यवहार में संस्कृति का अर्थ वही निकला, जो बहुसंख्यक आस्था के अनुकूल था। अल्पसंख्यक सवाल धीरे-धीरे राष्ट्रीय विमर्श से बाहर होते गए। धर्मनिरपेक्षता एक संवैधानिक मूल्य से अधिक एक असुविधाजनक शब्द बन गई। राष्ट्रवाद की परिभाषा इतनी संकरी होती चली गई कि उसमें सवाल पूछने की गुंजाइश ही नहीं बची।

सोमनाथ, काशी और अयोध्या ये तीनों स्थल अब धार्मिक से अधिक राजनीतिक स्थलों में बदल चुके हैं। यहां होने वाली हर गतिविधि का सीधा संबंध चुनावी राजनीति से जुड़ जाता है। आस्था को वोट में बदला जाता है और वोट को वैधता में। यह एक ऐसा चक्र है, जिसमें लोकतांत्रिक बहस धीरे-धीरे कमजोर पड़ती जाती है।

आखिरकार प्रश्न यह नहीं है कि भाजपा ने धर्म की राजनीति की या नहीं। प्रश्न यह है कि क्या भारत की राजनीति ने धर्म को सत्ता की सबसे आसान भाषा बनने दिया। सोमनाथ इस पूरी प्रक्रिया का सबसे पुराना और सबसे भरोसेमंद प्रतीक है। वह बताता है कि इतिहास कैसे वर्तमान में बदला जाता है और आस्था कैसे नीति का विकल्प बन जाती है।

सोमनाथ आज भी समुद्र के किनारे खड़ा है—शांत, भव्य और अडिग। लेकिन उसके चारों ओर खड़ी राजनीति लगातार शोर करती है। यह शोर आस्था का नहीं, सत्ता का है। और जब तक यह शोर चुनाव जिताने की क्षमता रखेगा, सोमनाथ से सत्ता तक की यह यात्रा यूँ ही चलती रहेगी—बिना आत्मालोचना के, बिना विराम के।

# समुद्री जीवन के रक्षकः राष्ट्रीय पेंगुइन दिवस का महत्व



सुनील कुमार महला

*दुनिया भर में पेंगुइनों की संख्या अनुमानित रूप से 2 करोड़ से 5 करोड़ के बीच है, लेकिन गैलापागोस और अफ्रीकी पेंगुइन जैसी कई प्रजातियाँ संकट में हैं और उनकी संख्या घटकर केवल हजारों में रह गई है।*

हर साल 20 जनवरी को राष्ट्रीय पेंगुइन दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पेंगुइन प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन विशेष रूप से अंटार्कटिका में पेंगुइनों के वार्षिक प्रवास से जुड़ा है, जब वे सर्दियों के बाद अपने प्रजनन और भोजन क्षेत्रों की ओर लौटते हैं। यद्यपि इस दिवस की कोई आधिकारिक वार्षिक थीम नहीं घोषित होती, लेकिन इसका मूल संदेश हमेशा एक ही रहता है-'पेंगुइनों और उनके आवास की रक्षा करें।' पेंगुइन केवल आकर्षक और प्यारे दिखने वाले जीव नहीं हैं, बल्कि छोटे कान, छोटी गर्दन और कॉम्पैक्ट शरीर वाले ये पक्षी पृथ्वी के नाजुक पर्यावरण संतुलन के महत्वपूर्ण प्रहरी माने जाते हैं। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के संकेतक जीव होने के कारण पेंगुइनों का संरक्षण समुद्री जीवन के लिए अनिवार्य है। दुनिया भर में पेंगुइन की लगभग 18 प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से अधिकांश दक्षिणी गोलार्ध और अंटार्कटिका क्षेत्र में रहती हैं, जबकि कुछ प्रजातियाँ गैलापागोस द्वीप, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के अपेक्षाकृत गर्म क्षेत्रों में भी देखी जाती हैं। पेंगुइन उड़ नहीं सकते, लेकिन वे उत्कृष्ट तैराक होते हैं और पानी में तेज़ी से गोता लगाकर मछलियाँ पकडऩे में सक्षम हैं। वे जीवनभर एक ही साथी के प्रति वफादार रहते हैं और सामूहिक जीवन शैली अपनाते हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण बर्फ के तेजी से पिघलने और समुद्र के तापमान में वृद्धि से उन्हें भोजन ढूंढने, अंडे देने और बच्चों को पालने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया भर में पेंगुइनों की संख्या अनुमानित रूप से 2 करोड़ से 5 करोड़ के बीच है, लेकिन गैलापागोस और अफ्रीकी पेंगुइन जैसी कई प्रजातियाँ संकट में हैं और उनकी संख्या घटकर केवल हजारों में रह गई है। भारत में पेंगुइन प्राकृतिक रूप से नहीं पाए जाते, क्योंकि भारतीय जलवायु उनके प्राकृतिक जीवन के अनुकूल नहीं है। हालांकि, संरक्षण और शिक्षा के उद्देश्य से मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान और ओडिशा के नंदनकानन प्राणी उद्यान में मुख्यतः हम्बोल्ट पेंगुइन रखे गए हैं। पेंगुइन का काला-सफेद 'टक्सीडो' रंग शिकारियों से बचाव के लिए प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली (काउंटर-शेडिंग) है। इनके पास सुप्राऑर्बिटल ग्रंथि होती है, जो समुद्री पानी का अतिरिक्त नमक शरीर से निकाल देती है। कुछ प्रजातियाँ साथी को आकर्षित करने के लिए चिकना पत्थर भेंट करती हैं, जबकि इनके मुँह में दाँत नहीं होते, लेकिन जीभ और ऊपरी हिस्से में पीछे की ओर मुड़े कँटीले उभार मछली पकडऩे में मदद करते हैं। जेंटू पेंगुइन लगभग 36 किमी प्रति घंटे की गति से तैर सकते हैं, जबकि एम्परर पेंगुइन लगभग 1,850 फीट गहराई तक गोता लगाकर 20 मिनट तक साँस रोक सकते हैं। पेंगुइन साल में एक बार 'कैटास्ट्रॉफिक मोल्ट' से गुजरते हैं, जब उनके सभी पंख झड़ जाते हैं और वे कई सप्ताह तक भोजन नहीं कर पाते। अत्यधिक ठंड के बावजूद, माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी ये जीवित रहते हैं, इसके पीछे उनके घने पंख, प्राकृतिक इंसुलेशन, विशेष ब्लड सर्कुलेशन सिस्टम और सामूहिक हडलिंग बिहेवियर का योगदान है।

## सच्ची कहानी — बढ़ता राजस्थान

### प्रभु का प्रसाद पौष बड़ा

ये कोई खबर नहीं मित्रों कि फलां मन्दिर में पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। ये तो एक ऐसी सच्ची कहानी है जहां साक्षात ठाकुरजी ने अपने भोग के लिए स्वयं ही पौष बड़ा का इंतजाम किया। गाँव में एक छोटा सा ठाकुरजी का मन्दिर था वहां के पुजारी युवा व उत्साही व बड़े ही भाव रखने वाले थे दूसरों के मन्दिरों में पौष बड़े का भोग की बातें सुनकर उन्हें भी लगा कि अपने ठाकुरजी के पौष बड़े का प्रसाद चढ़ाया जाए। एक दिन पुजारी जी ने मन्दिर कमेटी के लोगों को कहा कि अपने मन्दिर में भी पौष बड़े का प्रसाद चढवा दो। कमेटी के लोग अहंकारी स्वभाव के थे वे पण्डित्त जी को चिढाने के लिए बोले



कि तुम ही आने जाने वाले लोगों से कह कर इंतजाम करों क्योंकि खाने तुम्हे हैं पौष बड़े। इधर मन्दिर गाँव में होने के कारण लोगों का इतना आना जाना भी नहीं था। पण्डित्त जी की आस्था तो देखिए तिथि मुक्करर कर दी कि फलां तारीख को ठाकुरजी के पौष बड़े का भोग लगाया जाएगा। सात दिन बचें थे कोई मदद को नहीं आया। एक हलवाई जरूर ठाकुर जी ने भेज दिया कि पौष बड़े बना तो मैं दूंगा लेकिन सामानो की लिस्ट पुजारी जी के हाथ में थमा दी। ऐसे में जब तीन दिन बचे तो पुजारी जी ने सामान की पर्ची ठाकुरजी के चरणों में रख दी ओर सहज भाव से बोले बाबा तेरा भोग का इंतजाम तुम्हे ही करना अब तुम जानो और तुम्हारा काम। आज भी वो पण्डित्तजी उस क्षण को भूलते नहीं हैं कि कब कहां से कैसे लोग आ गए और सारा सामान एकत्र हो गया और उसी तिथि को ठाकुर जी के भोग चढ़ गया। ये कोई मनगढ़ंत कहानी नहीं मित्रों एक सच्ची कहानी है जहां ईश्वर स्वयं अपना परिचय देने के लिए साक्षात आते हैं।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी अलवर**

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में इन कारणों से नसों में जमने लगता है कोलेस्ट्रॉल, जानें इसे कंट्रोल करने के उपाय

**गलत खानपान-** सर्दियों में कोलेस्ट्रॉल बढऩे का एक मुख्य कारण हमारा गलत खानपान है। सर्दियों में भूख ज्यादा लगती है, जिससे हम अधिक खाते हैं। इसके अलावा, सर्दियों में लोग परांठे, पकौड़े, तली-भुनी चीजों और मीठे पकवानों का ज्यादा सेवन करने लगते हैं। इनमें सैचुरेटेड और ट्रांस फैट मौजूद होता है, जिसके कारण शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढऩे लगता है।

**फिजिकल एक्टिविटी कम होना-** सर्दियों में ठंड ज्यादा होने के कारण ज्यादातर लोग वॉक और एक्सरसाइज करना भी छोड़ देते हैं। सर्दी के मौसम में फिजिकल एक्टिविटी बहुत कम हो जाती है, जिसके कारण शरीर के अंदर से सोडियम नहीं निकल पाता है। इसके कारण ब्लड वेसल्स सिकुडऩे लगती है और नसों में बैड कोलेस्ट्रॉल जमा होने लगता है। जिस वजह से लोगों का कोलेस्ट्रॉल और बीपी बढऩे लगता है।

**सिगरेट और शराब का सेवन-** जो लोग धूम्रपान और शराब का अधिक सेवन करते हैं, उन्हें हार्ट डिजीज का खतरा अधिक होता है। दरअसल, इससे शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल घटने लगता है और नसों में बैड कोलेस्ट्रॉल जमा होने लगता है। इसके कारण हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**सर्दियों में कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के उपाय-** ओमेगा-3 युक्त फूड्स का सेवन सर्दियों में हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से बचने के लिए अपनी डाइट में ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त फूड को शामिल करें। इसके लिए आप ड्राई फ्रूट्स, अलसी के बीज, चिया सीड्स, एवोकाडो और मछली आदि का सेवन कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा और आपको अपने कामों में भी अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा, जहां आपको किसी सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में अपने बॉस से किसी काम को लेकर डांट खानी पड़ सकती है, इसलिए आप अपना पूरा फोकस काम पर रखें।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला आपकी टेंशनों को बढ़ा सकता है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा और आपकी बिजनेस को लेकर कोई पार्टनरशिप हो सकती है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए साहस व पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी, जिससे आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव करने की सोचेंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए शौक मौज की चीजों में वृद्धि लेकर आने वाला है। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर बेवजह यात्रा पर जाना पड़ सकता है, इसमें आपको अपने सामानों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप अपनी घरेलू जरूरतों को लेकर लापरवाही ना करें। वैवाहिक जीवन में आपको कुछ समस्याएं महसूस होंगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा और आपके विरोधी भी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। व्यवसाय में आज किसी तकनीकी समस्या के कारण आपके काम में रुकावट आएंगी। आपको यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या महसूस हो।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से अटके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा और आप अपनी इनकम को बढाने पर भी पूरा ध्यान देंगे। किसी पैतृक संपत्ति से आपको लाभ मिल सकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कामकाज से जुड़े मामले बेहतर रहेंगे। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। आपका यदि कोई बात को लेकर मन परेशान चल रहा था।

## भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक /नगरफोर्ट(कमलेश गौतम)।** माघ कृष्ण चतुर्दशी पर नगरफोर्ट बड़े जैन मंदिर पर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जैन समाज के मनन जैन ने बताया है कि श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पर शनिवार को माघ कृष्ण चतुर्दशी पर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस दौरान जैन समाज ने भगवान आदिनाथ का अभिषेक और विशेष शान्तिधारा कर श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ की विशेष पूजा अर्चना की और निर्वाण कांड का पाठ कर भक्तिभाव से निर्वाण लाडू चढ़ाए। सांयकाल को महाआरती एवं भक्तामर पाठ का आयोजन हुआ इस अवसर पर हर्ष कुमार सोनी, राजेन्द्र कुमार सोनी, आलोक काला, प्रदीप कुमार कासलीवाल, अनिल कुमार सोनी, पदम कंसल, नाथु जी गर्ग, नन्द किशोर जी मोदी , मनन जैन, आनंद बंसल,मनीष,सहित जैन समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खाद्य लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन का शिविर झिलाय में आज,निवाई में 21 को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य सुरक्षा व औषधि नियत्रंण आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार खाद्य व्यापारियों के लिए 21 जनवरी को सब्जी मण्डी निवाई में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत खाद्य कारोबार को शुरू करने के लिए लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त खाद्य पदार्थ कारोबार से जुडे विक्रेताओं, निर्माताओं, थोक, फुटकर, फेरीवाले, केटरिंग, ट्रांसपोर्ट, फूड प्रोडक्शन विक्रय करने, मेडिकल स्टोर्स, स्वयं सहायता समूह, अस्पताल, स्कूल, कॉलेजों में संचालित केंटीन, राजकीय व निजी वेयर हाउस, मदिरा दुकानें, दूध विक्रेता, डेयरी, चायपान, दुकान, फल, सब्जी, मांस- अंडे विक्रेता, चाट-पकौडी ठेले वाले, हाट बाजार, मण्डी कारोबारी,चाट-पताशी ठेला, कचौरी-समोसा, किराणा व्यापारी एवं मिठाई नमकीन वाले हलवाई इत्यादि खाद्य कारोबार करने वाले व्यापारियों को शिविर में पहुंचकर अपना लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनवाने का आह्वान किया है।

## श्रीराम महाराज अघोरी ने राजपूत समाज की बेटी की शादी के लिए किया सहयोग



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गाँव काटोली के महाभारत कालीन माँ भद्रकाली व शिव मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी के सानिध्य सैकड़ों धार्मिक आयोजन व जन कल्याण के कार्य आयोजित होते रहते हैं। पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी बाबा ने पूर्व में भी 161 बेटियों की शादियां करवाई गई थी। इसी प्रकार कुछ दिन पहले भी 18 बेटियों की शादी के लिए सहयोग किया था। सप्तमी व अष्टमी पर देसी जड़ी बूटियों व प्राकृतिक चिकित्सा से अब तक सैकड़ों लोगों का नशा छुड़ाया गया है। अघोरी बाबा 18 जनवरी को गंगापुर सिटी के दौरे के दौरान लोगों ने बताया कि एक बेटी की 23 जनवरी को शादी है। ग्रामीणों ने आह्वान किया कि आप गरीब बेटियों की मदद करते हो। जिस पर बाबा ने शादी में देने वाले बर्तन व कपड़े देकर राजपूत समाज की बेटी को आशीर्वाद दिया। महाराज ने कहा कि जब तक इस मायारूपी शरीर में प्राण है। तब तक मैं सर्वसमाज की मदद करता रहूंगा। इस दौरान आचार्य शम्भूदयाल शर्मा, कथा वाचक केदार शर्मा, महेंद्र मीणा, रवि मीणा, अक्षय शर्मा, केदार मीणा सहित कई लोग मौजूद थे।

## 105 विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्रों का किया वितरण, छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** पीएमसी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में छात्र-छात्राओं को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। प्रधानाचार्य गिरिराज गुर्जर ने बताया कि 105 विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को वस्त्रों का वितरण किया गया। विद्यालय में समस्त स्टाफ साथियों एवं राजकुमारी शर्मा की स्मृति में डॉ. शिवचरण शर्मा के सहयोग से लगभग 30 हजार की कीमत के नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को 105 ऊनी स्वेटर वितरित किए गए हैं। अंत में प्रधानाचार्य गूर्जर ने सभी स्टाफ साथियों एव डॉ. शिवचरण शर्मा का मानवता से परिपूर्ण नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

## हिंदू सम्मेलन के लिए हुआ भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** महाराणा प्रताप बस्ती निवाई के हिंदू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना की गई। रविवार की सुबह हिंदू सम्मेलन को लेकर इंदिरा कॉलोनी, इंदिरा विस्तार कालोनी, जैन कॉलोनी व महावीर कॉलोनी में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए जो रामधुनी करते हुए चल रहे थे।

### अमरूद महोत्सव एवं कृषि तकनीकी मेला-2026

# अमरूद महोत्सव किसानों की जिन्दगी करेगा बेहतर: बिरला







## मंत्री डॉ. मीणा ने कहा जिले में 600 करोड़ रुपये के विकास कार्य होंगे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर का अमरूद आने वाले दिनों में क्षेत्र के किसानों की जिन्दगी में बेहतरी लाएगा। राज्य सरकार द्वारा जिले में अमरूद का प्रोसेसिंग प्लान्ट लगाया जाएगा, जिससे देश-विदेश में इस फल और इससे बने उत्पादों की मांग बढ़ेगी। देश में पहली बार आयोजित अमरूद महोत्सव इस दिशा में प्रयासों का पहला कदम है। इसके सुखद परिणाम जल्द ही दिखने लगेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य के कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने रविवार को दशहरा मैदान में अमरूद महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही। लोकसभा अध्यक्ष सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित अमरूद महोत्सव एवं कृषि तकनीकी मेला-2026 के मुख्य अतिथि थे। कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास आपदा प्रबन्धन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा आयोजन की अध्यक्षता कर रहे थे। बिरला ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने की सोच के अनुसार काम करते हुए राज्य सरकार कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इन्ही प्रयासों की कड़ी में सवाई माधोपुर में भारत में पहली बार अमरूद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

कृषि मंत्री ने महोत्सव के दौरान सवाई माधोपुर में अमरूद का प्रोसेसिंग प्लान्ट लगाने की घोषणा की ।

**सवाई माधोपुर में खपने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने बताया कि राज्य सरकार जल्द ही सवाई माधोपुर की धरती पर 150 करोड़ रुपये की लागत से अमरूद का प्रोसेसिंग प्लान्ट स्थापित करेगी। राजस्थान में कुल 14 हजार हैक्टेयर अमरूद के बगीचों में से 11 हजार हैक्टेयर अकेले इस जिले में हैं। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर का अमरूद यहीं पर खपने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार की है। डॉ. मीणा ने कहा कि राजस्थान के अमरूद के किसानों की इस फल से आमदनी सालाना करीब 600-700 करोड़ रुपये है। सवाई माधोपुर में किसानों को अपना फल बेचने के लिए दिल्ली, बड़ौदा आदि जगहों पर नहीं जाना पड़े, इसलिए प्रोसेसिंग यूनिट की सख्त आवश्यकता है। प्रोसेसिंग प्लान्ट लगने से आस-पास के जिलों के साथ ही पड़ोसी प्रदेशों के अमरूद के किसानों को भी लाभ होगा।

**सवाई माधोपुर में 600 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य**

कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले समय में सवाई माधोपुर में 600 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मानसून के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों का काफी नुकसान हुआ। इससे बचाव के लिए सूरवाल बांध के पानी को बनास नदी में छोडने के लिए 110 करोड़ रुपये की लागत से एक चैनल बनाया जाएगा। इससे जिले में सिंचाई के लिए भी अतिरिक्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

**किसान एक दूसरे से संवाद करें, योजनाओं का लाभ लें**

डॉ. मीणा ने अमरूद महोत्सव में आए किसानों और अन्य प्रतिभागियों से इस आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान कृषि यंत्रों, बागवानी, उत्पादों के प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमियों और वैज्ञानिकों आदि के साथ संवाद करें और यहां लगी लगभग 250 स्टॉल्स को देखकर एक दूसरे से उन्नत कृषि की तकनीकी और किस्मों की जानकारी प्राप्त करें। अमरूद महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम को जिला कलक्टर काना राम, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान स्थानीय पद दंगल कलाकारों ने अपने पारंपरिक अंदाज में सभी अतिथियों का संगीत नृत्य आदि के साथ स्वागत किया। अतिरिक्त निदेशक कृषि देशराज ने अतिथियों, किसानों और महोत्सव में भाग लेने वाले सभी हितधारकों का आभार व्यक्त किया।

## 27 महीने पहले तोड़ी सड़क ठीक नहीं करवाने से मोहल्लेवासी परेशान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक /नगरफोर्ट(कमलेश गौतम)।** ग्राम पंचायत नगरफोर्ट में बीसलपुर पेयजल विभाग की ओर से पंचायत के बैरवा मोहल्ला स्कूल खेडिया में 27 महीने पहले पानी की आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइन के लिए तोड़े गई सडक़ के स्थान पर पुन: सडक़ नहीं बनाने से मोहल्ले के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। मोहल्ले के रामस्वरूप बैरवा राधा किशन बैरवा बृज मोहन बैरवा राजेश बैरवा दिनेश महावीर जगदीश राकेश सोपाल राजेंद्र अशोक बैरवा समेत लोगो का कहना है कि 27 महीनों पहले बीसलपुर परियोजना द्वारा द्वारा पीने के पानी के लिए लाइन बिछाने के लिए लिए मोहल्ले का पट्टी पर्सी व सीसी रोड को तोड़ा गया था, लेकिन 27 महीने होने को है कई बार अधिकारियों व संबंधित जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने के बाद भी मोहल्ले की मुख्य सडक़ सही नहीं करवाई गई जिससे आए दिन बच्चे व यहां से निकलने वाले राहगीर गिरकर घायल हो जाते हैं। मोहल्ले में रह रहे परिवारों का कहना है कि यह सडक़ राजमार्ग 34 नैनवा देवली टोंक रोड से मोहल्ला स्कूल खेडिया को जोड़ती है और मुख्य मार्ग पर जाम लगने पर यह रास्ता बाईपास के रूप में काम आता है। बावजूद इसके ना तो बीसलपुर पेयजल परियोजना विभाग के अधिकारी और नाही स्थानीय प्रशासन इस अनुसूचित जाति के मोहल्ले की सडक़ को 27 महीनों से ठीक करवा पाए। मोहल्ले वासियों ने बीसलपुर परियोजना के अधिकारियों व स्थानीय प्रशासन से पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो चुकी सडक़ के स्थान पर नया सीसी रोड बनवाने की मांग की है। उधर ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी आलोक माहेश्वरी का कहना है की बीसलपुर परियोजना द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए, पाइप लाइन बिछाने के लिए कई मोहल्लों में सडक़े तोड़ी गई थी जिन्हें ठीक कराने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा कई बार कहा जा चुका है लेकिन इसके बावजूद भी कई मोहल्ले में अभी तक भी तोड़ी गई सडक़ को सही नहीं कराया गया है।

**इनका कहना है**

उन्हें इस संबंध में सूचना अभी प्राप्त हुई है जल्दी मौका स्थिति का अवलोकन कर संबंधित ठेकेदार को निर्देशित कर लाइन बिछाने के लिए तोड़ी गई सडक़ को ठीक कराया जाएगा।

**पूरणमल बैरवा, सहायक अभियंता बीसलपुर पेयजल परियोजना विभाग देवली।**

## हरभांवता में हुआ विशाल गौठ गायन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव हरभांवता में स्थित देवनारायण भगवान के मंदिर में विशाल 2गौठ गायन का आयोजन किया गया। गोठ गायन में गौठ गायकों द्वारा धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रोता भाव विभोर हो गए।

आयोजन समिति सदस्य लक्ष्मण गुर्जर व हंसराज गुर्जर ने बताया कि एक दिवसीय गोठ दंगल में गणेशपुरा, रामचंद्रपुरा, चुराडा, अरनिया व किशोरपुरा की प्रमुख गोठ गायन पार्टियों ने गोठ गायन की प्रस्तुतियां दी।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का भाजपाइयों ने किया रेलवे स्टेशन पर गर्मजोशी से स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** माधोपुर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित अमरूद महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के रविवार को सवाई माधोपुर आगमन पर रेलवे स्टेशन पर केबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपाइयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष का रेलवे स्टेशन पर भाजपा के सैकड़ों पदाधिकारी एवं सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने उनका गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया । रेलवे स्टेशन से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सर्किट हाउस पहुंचे जहां केबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा और जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने त्रिनेत्र गणेश की तस्वीर भेट कर उनका आत्मिक अभिनंदन किया । इस दौरान पूर्व विधायक हंसराज शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, सुरेशचंद जैन, जिला महामंत्री विनोद अटल,जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, , जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग,सत्यनारायण धाकड़, लालचंद गौतम, बामनवास प्रधान शशि कला मीणा,गंगापुर प्रधान मंजू गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज, ओमप्रकाश डगोरिया, राजेश गोयल, मीणा, बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, कुंडेरा मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पूर्व सभापति सुनील तिलकर,कमलेश जैलिया, पूर्व उपसभापति राजेश गोयल, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष बनवारी जाट,रामहरि चौधरी, शशांक सारस्वत, मुरली गौतम,ओम सुवालका,देवेंद्र गौतम,सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता बोले कांग्रेस मनरेगा को लेकर भ्रम फैला रही है



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** जहां एक और मनरेगा कानून में हुए बदलाव के विरोध में कांग्रेस सडक़ों पर उतर गई है, तो वहीं भाजपा भी कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार कर अब विकसित भारत - जी- राम जी प्रचार प्रसार के लिए जन जागरण अभियान शुरू कर दिया है,वीबी - जी राम जी योजना को लेकर टोंक जिला मुख्यालय पर बीजेपी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्य वक्ता पूर्व विधायक अजित सिंह मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान मीडिया के सवालों का खुलकर जवाब दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता अजित सिंह मेहता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा को बंद किए जाने का जो भ्रम फैलाया जा रहा है, वह पूरी तरह गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनरेगा की कमियों को दूर करते हुए अब उसे 'विकसित भारत - जी राम जी' कानून के रूप में लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत - जी राम जी योजना के लिए पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन कर रहा है, जबकि कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस पार्टी को भगवान राम के नाम से आखिर आपत्ति क्यों है। भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बना यह कानून ग्रामीण भारत के स्वर्णिम विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

इस योजना में भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई है, क्योंकि पूरी व्यवस्था को डिजिटल बनाया गया है। साथ ही अब ग्रामीण गरीब मजदूरों को 100 नहीं बल्कि 125 दिन का रोजगार मिलेगा, और यदि 15 दिन में काम नहीं मिला, तो बेरोजगारी भत्ते का भुगतान अनिवार्य होगा। साथ ही इस योजना में जवाबदेही भी सुनिश्चित की गई है। यह योजना केवल सहायता नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को मजबूती देने वाली योजना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को केवल कल्याण योजना नहीं, बल्कि विकास से जुड़ी गारंटी के रूप में स्थापित करना है, ताकि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य साकार हो सके। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर, पूर्व प्रधान ममता जाट, शीला मीणा, जगदीश गुर्जर, खेमराज मीणा,मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, बलवंत मराठा, शम्भू शर्मा, पार्षद मनीष सिसोदिया, राजेश मंगल सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आचार्य विनिश्चय सागर जी के सानिध्य में टोंक में भव्य जैन दंपति सेमिनार आयोजित**

# 120 जोड़ों को मिला दांपत्य जीवन पर मार्गदर्शन

बढ़ता राजस्थान





**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** श्री दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज टोंक में रविवार को आचार्य विनिश्चय सागर जी महाराज परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य मुनि श्री 108 प्रज्ञान सागर जी महाराज एवं मुनि श्री प्रसिद्ध सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में एक भव्य जैन दंपति सेमिनार का आयोजन श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। समाज के प्रवक्ता पवन कंटान और गुरु भक्त कमल सर्राफ ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत चित्र अनावरण एवं दीपप्रज्वलन अनिल आंडरा, धर्मचंद पत्तलदोना,राजेश बोरदा , ज्ञानचंददाखिया , अनिल सर्राफ अभिषेक बिलासपुरिया ने किया। शास्त्र भेटधर्मेंद्र पासरोटियां पवन कंटान अंकुर पाटनी ओम ककोड़ कमल सर्राफ राजेश शिवाडिया डॉ चेतन जैन ने मंगलाचरण किया । राजकुमारी अत्तर बीना जैन अनीता जैन ने किया इस अवसर पर 120 दाम्पत्य जोड़े को मुनि श्रीप्रज्ञान सागर जी महाराज ने अपने प्रेरक प्रवचन में दांपत्य जीवन, पारिवारिक समरसता एवं संस्कारों पर अत्यंत सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया। मुनि श्री ने बताया कि पति-पत्नी का संबंध केवल अधिकारों का नहीं, बल्कि कर्तव्यों, समर्पण और समझदारी का होता है। एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान, संवाद में मधुरता और परस्पर विश्वास ही सुखी गृहस्थ जीवन की नींव है। क्रोध, अहंकार और शंका को त्यागकर क्षमा, संयम और सहनशीलता को अपनाने से घर स्वर्ग बन सकता है। उन्होंने विशेष रूप से सास-बहू संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सास को बहू को बेटी समान अपनाना चाहिए और बहू को सास में माँ का भाव देखना चाहिए। आलोचना के स्थान पर सहयोग, आदेश के स्थान पर स्नेह और अपेक्षा के स्थान पर समझ विकसित करने से परिवार में सौहार्द बना रहता है। छोटी-छोटी बातों को तूल न देकर धैर्य और संवाद से समाधान निकालना चाहिए। घर में शांति और संस्कार कैसे बनें मुनि श्री ने कहा कि घर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला है। परिवार में प्रतिदिन कुछ समय धर्म चर्चा, स्वाध्याय, भक्ति और आपसी संवाद के लिए अवश्य निकालना चाहिए। बच्चों के सामने माता-पिता का आचरण ही उनका पहला उपदेश होता है, इसलिए अपने व्यवहार को संयमित और आदर्श बनाना आवश्यक है। इस मौके पर समाज के अनिल सर्राफ मनीष फागी जितेंद्र बनेठा पप्पू नमक मनोज जी बनेठा अभिषेक बिलासपुरिया रमेश काला, रमेश हाडी गांव आदि लोग उपस्थित थे अंत में समाज के अध्यक्ष पदमचंद आंध्र एवं मंत्री महावीर प्रसाद देवली ने सबका आभार एवं सम्मान व्यक्त किया।

# प्रशासन को खेत-खलिहानों तक ले जाने की पहल लाई रंग, अब दूसरा चरण सोमवार से

## राजसमंद कलक्टर हसीजा की पहल पर 15 दिन में 15 हजार से अधिक किसानों की हुई फार्मर रजिस्ट्री

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** गत वर्ष 24 जून को जिला कलक्टर के रूप में पदभार संभालने के बाद अरुण कुमार हसीजा ने प्रशासन की कार्यशैली को जनोन्मुख बनाने की स्पष्ट दिशा तय कर दी थी। पदभार ग्रहण करने के बाद पहली ही रात्रि चौपाल में सामने आए एक दृश्य ने यह संदेश दे दिया कि यह प्रशासन बराबरी, सम्मान और संवेदनशीलता के साथ काम करेगा।

अधिकारी कुर्सियों पर बैठे थे और आमजन जमीन पर—इस असमानता पर जिला कलक्टर ने तत्काल नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक आमजन के लिए कुर्सियों की व्यवस्था न हो, तब तक अधिकारी भी जमीन पर ही बैठेंगे। यही सोच आगे चलकर जिले में प्रशासन और किसानों के रिश्ते की मजबूत बुनियाद बनी। कुछ ही समय बाद यह तथ्य सामने आया कि भारत सरकार के एग्रीस्टेक अभियान के अंतर्गत जिले में फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है। किसान योजनाओं के पात्र तो थे, लेकिन पंजीयन के अभाव में लाभ से वंचित रह जा रहे थे। इसी चुनौती को अवसर में बदलते हुए जिले में 1 जनवरी 2026 से 17 जनवरी 2026 तक कृषक अधिकार पंजीयन पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसके अपेक्षा से बेहतर परिणाम सामने आये।

### किसान को नहीं, प्रशासन को खेत तक ले जाने की पहल

इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि किसान को कार्यालय बुलाने के बजाय प्रशासन स्वयं किसान तक पहुँचा। यह स्वीकार किया गया कि किसान दिनभर खेतों में व्यस्त रहता है और उसके लिए बार-बार ई-मित्र या कार्यालय पहुँचना सहज नहीं होता। इसी सोच के तहत जिले के सभी पटवारी प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक अपने-अपने हल्कों के राजस्व गांवों के फिल्ड में पहुँचे। खेत, घर, चौराहा, चबूतरा, मंदिर—जहाँ किसान सहज रूप से उपलब्ध हो सका, वहीं मौके पर फार्मर रजिस्ट्री की गई। मोबाइल, आवश्यक दस्तावेज और नेटवर्क व्यवस्था के साथ अधिकारी स्वयं उपस्थित रहे और किसानों का सम्मानपूर्वक पंजीयन किया गया। यह दृश्य जिले में नया था—सरकार पहली बार सचमुच किसान के दरवाजे तक पहुँची।

### 15 दिनों में 15,373 नई फार्मर रजिस्ट्री

इस संवेदनशील और सक्रिय पहल के परिणाम भी उतने ही प्रभावशाली रहे। मात्र 15 दिनों में जिले में 15,373 किसानों की नई फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण की गई। इससे न केवल जिले की एग्रीस्टेक प्रगति को गति मिली, बल्कि किसानों का प्रशासन पर भरोसा भी मजबूत हुआ। जिन किसानों को पहले योजनाएं कागजों तक सीमित लगती थीं, उन्होंने पहली बार अपने अधिकारों को धरातल पर उतरते देखा।

# पुष्पराज शर्मा नर्सेज एसोसिएशन के निर्विरोध जिला अध्यक्ष नियुक्त




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रविवार को नर्सेज एसोसिएशन एवं कर्मचारी महासंघ का परिचय सम्मेलन एवं पौष बड़ा कार्यक्रम हाल सामान्य चिकित्सालय अलवर में आयोजित किया । इस दौरान नर्सेज समस्याओं एवं नर्सेज चुनाव संबंधी मामलों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया । सभी नर्सेज साथियों द्वारा नर्सेज जिला अध्यक्ष चुनाव के बजाय निर्विरोध जिला अध्यक्ष मनोनीत करने का सुझाव दिया गया। इसके उपरांत उपस्थित सैकड़ो नर्सेज साथियों द्वारा सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष के पद पर पुष्पराज शर्मा को निर्विरोध जिला अध्यक्ष मनोनीत किया जाने का प्रस्ताव दिया।प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सभी नर्सेज साथियों द्वारा पुष्पराज शर्मा के पिछले 4 वर्ष के कार्यकाल को दृष्टिगत रखते हुए उनके नाम का मनोनयन सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। वर्तमान में राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ ;भामसद्ध के जिला अध्यक्ष पद पर पदासीन है इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज एवं ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो नर्सेज साथी उपस्थित रहे।

# सिम्मी एक्यूप्रेशर द्वारा लगाया निःशुल्क मेडिकल कैम्प

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आदर्श सोशल वेलफेयर फाउंडेशन मानसिक दिव्यांग व मंद बुद्धि एवं मूक बधिर बच्चों का स्कूल संचालक व



आयोजन पायल के द्वारा संयोजक सिम्मी एक्यूप्रेशर व लेजर कटिंग थेरेपी सेंटर डॉ.दीपक शर्मा के द्वारा मेडिकल कैंप लगाया गया जिसमें मूक बधिर बच्चों को बीएमआई जांच करके बच्चों का वजन, वेरिएबल फैट, नसों की ताकत वह हड्डियों की ताकत और एक्सरसाइज कर कर बच्चों को नि:शुल्क परामर्श दिया ऐसे कैंप समय-समय पर डॉक्टर दीपक शर्मा द्वारा लगाए जाते हैं।

# धानका जनकल्याण समिति अलवर शहर की बैठक संपन्नए संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आदिवासी धानका जनकल्याण समिति शाखा



अलवर शहर की बैठक फैमिली लाइन सगलानसर में समिति अध्यक्ष अशोक धानका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तारए मजबूती और सक्रियता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश धानका ने कहा कि शहर में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत स्थानीय स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं और सदस्यों की विस्तृत संपर्क सूची तैयार की गई है, जिसमें नाम एवं संपर्क विवरण शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना, आपसी समन्वय को बढ़ावा देना तथा भविष्य की गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करना है। संपर्क सूची तैयार होने से कार्यकर्ताओं में एकजुटता बढ़ेगी और आवश्यकता पडने पर त्वरित संवाद संभव हो सकेगा। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और संगठन की आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 25 जनवरी को तेलीपाड़ा अखेपुरा में आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यकारिणी विस्तार एवं जिम्मेदारियों को लेकर विचार.विमर्श किया जाएगा। बैठक में डालचंद धानका, बाबूलाल धानका, रमेश चंद,अमित कुमार, कल्याण सिंह, महंत सूरज, मनोज किराड़ पन्नालाल, हरदयाल, तेज सिंह, घासीराम, किशन लाल, रवि सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य मौजूद रहे।

# सरदार स्कूल में 'स्किल एग्जीबिशन' आयोजित; यशस्वी और अंकिता ने मारी बाजी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के हुनर को निखारने केलिएस्किलएग्जीबिशन-कमप्रतियोगिता-2026' का भव्य आयोजन किया गया।इस प्रदर्शनी में छात्रों ने आधुनिक तकनीक और स्वरोजगार के बेहतरीन मॉडल पेश किए। प्रमुख गतिविधियाँ और प्रदर्शन:विद्यालय के वोकेशनल इंचार्ज सुरेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि प्रदर्शनी में फूड प्रोसेसिंग एवं आईटी ट्रेड्स केछात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक मॉडल्स और चार्ट्स के माध्यम से व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन किया गया, जिसे अतिथियों ने खूब सराहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक/माध्यमिक) प्रकाश चंद मीणा रहे। उन्होंने कहा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया आईटी ट्रेड: यशस्वी सैनी (प्रथम स्थान)फूड प्रोसेसिंग ट्रेड: अंकिता सैनी (प्रथम स्थान) प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ये विद्यार्थी अब जिला स्तरीय स्किल एग्जीबिशन में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।इस अवसर पर एसीबीईओ दयाराम चौरडिय़ा, प्रधानाचार्य नरेश कुमार बंसल, सहायक आचार्य जगराम गुर्जर, मुरली प्रसाद गुर्जर (स्रूष्ट सदस्य) सहित संदीप कुमार जांगिड़, सुनील कुमार सैनी, भीम सिंह, राधेश्याम व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# दिवंगत आत्माओं ने ही हमें अनुभव का मार्ग दिखायाः घोड़ापछाड़

## दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि,उनके अनुभव को अपनाएं, ऐरे-गैरे नत्थू खैरे के अनुभव को नहीं

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय दौरे पर आए पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश कुमार शर्मा ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्माओं के चित्र के समक्ष प्रणाम किया और भावुक हो गए !डॉ शर्मा ने कहा कि यदि हम सब इनकी भावनाओं की कद्र करते तो किसी से अपेक्षा नहीं रखनी होती। काश यदि हम सब ने उनकी आज्ञाओं का पालन किया होता। दिवंगत आत्माएँ हमें अपने अनुभव साझा करके गईं हैं,दिवालिया करके नहीं। हमें उन फासिस्ट शक्तियों से सावधान रहना होगा जो हमारे घर पर आकर या दूरभाष पर हमें प्रताडित्र करती हैं !डॉ शर्मा ने कहा कि अब भी वक़्त है हम सब मिलकर अपने में सुधार करें जातिवाद और पैसे के बल से बचें !जिस कदर महाराणा सांगा ने और भरतपुर के महाराजा सूरजमल के रजवाड़ों ने स्वाभिमान और सनातन की सुरक्षा के लिए अनेक युद्ध किए।उन्होंने कहा कि ना मैं राणा सांगा बन सकता ना मैं सूरजमल !पर हाँ हम सब भारतीय तो बन ही सकते हैं जिसके लिए उन वीर यौधाओं ने संघर्ष किया और देश हित में सबकुछ न्योछावर कर चले गए !ठीक उसी प्रकार ज्ञानपुरा के ठाकुर साहब ओमपालसिंह जी शेखावत और शिम्भूदयाल सहवाग हमें अपने अनुभवों के ज्ञान को हमारे बीच छोडक़र चले गए। यदि हम उनके अनुभवों को अपनाएंगे तो निश्चित ही भारतीय कहलायेंगे अन्यथा ऐरा-गैरा नत्थू खैरा तो लोग कहेंगे ही। डॉ शर्मा ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आने पर विधानसभा क्षेत्र के दुःखी पीडित्र लोग भी उनका टकटकी लगाकर इंतजार करते नजर आए।वहीं जैसे ही बड़ागाँव के लोगों ने सुना कि पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश कुमार शर्मा इधर से गुजरने वाले हैं,तो सभी समाजों के लोगों ने काफ़ी भीड़ के साथ उन्हें गाँव में लेजाकर आवभगत की। वहीं जहाँ देखो वहीं पूर्व मंत्री डॉ शर्मा की चर्चाओं का दौर अब कुछ ज्यादा ही गति पकड़ता नजर आ रहा है।

# अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव

## राजगढ़ में 22 जनवरी को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिक महोत्सव को लेकर रविवार को ठिकाना गंगा बाग में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य एवं धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आयोजन को लेकर उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सर्वसम्मति से कार्यक्रम स्थल महंत जी की हवेली, ठिकाना गंगा बाग को निर्धारित किया गया। महोत्सव के दिन सुंदरकांड पाठ, भगवान श्रीराम की महाआरती, भजन संध्या एवं विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर राम दरबार की भव्य झांकी सजाई जाएगी तथा पूरे ठिकाना गंगा बाग को आकर्षक सजावट और लाइटिंग से सजाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र दाधीच ने की। बैठक में महंत प्रकाश दास महाराज, पूर्व अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा, प्रेमनाथ धामाणी,विनोद मिश्रा,पंडित उदयभान शर्मा,अशोक जांगिड़, राजू भैया श्रमजीवी पत्रकार संघ तहसील कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, श्रमजीवी पत्रकार संघ तहसील उपाध्यक्ष नागपाल शर्मा माचाड़ी, महेंद्र मीणा, पार्षद पवन सिंह नरूका,विकास शर्मा,संस्कार सैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 3:15 बजे शुरू किया जाएगा। तथा कार्यक्रम संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि विश्व शांति दिवस के रूप में मनाई गई

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली(बिल्लूराम सैनी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र पर संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर को पूरे विश्व में 'विश्व शांति दिवस' के रूप में याद किया जाता है।त्याग और तपस्या का प्रतीक था बाबा का जीवनसेवा केंद्र प्रभारी बीके लक्ष्मी बहन ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा का जीवन त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति था। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन और सर्वस्व धन-संपत्ति जन-जन तक ईश्वरीय संदेश पहुँचाने और मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना में समर्पित कर दिया। लक्ष्मी बहन ने उपस्थित सभी भाई-बहनों से आह्वान किया कि हमें भी ब्रह्मा बाबा के पद-चिन्हों पर चलकर अपने जीवन को श्रेष्ठ और चरित्रवान बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कोटपूतली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहाः आज के भौतिकवादी युग में ब्रह्माकुमारी जैसी निस्वार्थ सेवा करने वाली संस्था मिलना दुर्लभ है। यह संस्था मनुष्य को देवता बनाने और एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सराहनीय भूमिका निभा रही है।

# यादव समाज की बैठक में सामाजिक कुरीतियों को जड़ से मिटाने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली(बिल्लूराम सैनी)।** निकटवर्ती ग्राम गोरधनपुरा में यादव समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक समाज के जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव (गिरदावर) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पूर्व प्रधान बनवारीलाल यादव एवं उपसरपंच अरविंद यादव के सानिध्य में आयोजित इस बैठक का मुख्य एजेंडा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर सुधार लाना रहा। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और प्रबुद्धजनों के बीच गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से समाज के उत्थान के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और उन पर कड़ाई से अमल करने का संकल्प लिया गया। जन्म उत्सवः बेटा या बेटी के जन्म पर होने वाली 'छठ' की परंपरा पर अब पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। मृत्युभोज पर लगामः मृत्यु के पश्चात 12 दिनों तक नाश्ते पर रोक रहेगी। गंगा पूजन के समय लोई, कपड़े, बर्तन लाने जैसे अनावश्यक खर्चों को बंद किया जाएगा। नशा मुक्तिः सामाजिक कार्यक्रमों में शराब के स्टाल और हुक्काबार पर पूरी तरह रोक रहेगी। डीजे एवं दहेजः शादी-ब्याह के कार्यक्रमों में डीजे बजाने पर पाबंदी रहेगी और दहेज के प्रदर्शन (दिखावे) पर रोक लगाई गई है। शिक्षा व स्वास्थ्यः गांव-ढाणियों तक स्वास्थ्य सेवाओं और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। लाइब्रेरी व सामूहिक विवाहः ग्राम स्थित लाइब्रेरी में अधिक से अधिक सहयोग करने तथा फिजूलखर्ची रोकने के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने पर जोर दिया गया।

**भारत की नीति है संसार को शांति देना, अध्यात्म व आनंद देना और इस बात पर हमको गर्व होना चाहिए - राव**

# हिन्दू सम्मेलन को लेकर गाजे बाजे के साथ शहर में निकली शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान




**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह के तहत रविवार को जिला मुख्यालय पर द्वारकेश बस्ती द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और कुटुंब प्रबोधन जैसे पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज सुधार का संकल्प लिया गया। सम्मेलन का शुभारंभ दोपहर एक बजे कुमावत समाज नोहरा हाथीनाड़ा स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की थाप पर निकली इस यात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई। करीब 2100 महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर नृत्य करती हुई चल रही थीं। शोभायात्रा में बाबा रामदेव, प्रभु चारभुजा नाथ और सांवरिया सेठ की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भारत माता का रूप धरे नन्ही बालिका और प्रभु श्रीनाथजी के स्वरूप के साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों में होड़ मची रही। मार्ग में मुखजी चौराहा, जेके मोड़ और कांकरोली पुराने बस स्टैंड पर स्थानीय निवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। धर्मसभा में मुनि संबोध कुमार मेघांश, मुनि विशाल कुमार, मुख्य वक्ता विहिप के सुरेन्द्र सिंह राव, विशिष्ट अतिथि किन्नर समाज प्रमुखा पारसमणी भुआजी, कार्यक्रम संयोजक चंद्र मोहन सोलंकी, सह संयोजक अशोक रांका मंचासिन थे। जबकि अध्यक्षता द्वारकाधीश मंदिर के विशेषाधिकारी देव शंकर शास्त्री ने की। धर्मसभा का आगाज भारत माता की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। रजनीकांत साहू ने कार्यक्रम का परिचय एवं सह संयोजक अशोक रांका ने स्वागत उद्बोधन दिया। मोहन कुमावत ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। ललित खींची ने काव्य गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान फतेहचंद शामसुखा, मिठ्ठालाल शर्मा, कौशल गौड़, विधायक दीप्ति माहेश्वरी, पूर्व विधायक बंशीलाल गहलोत, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, प्रधान अरविंदसिंह राठौड़, कमल जैन, सुनिल दाधीच, पुरूषोतम लक्षकार, कमलेश हिंगड़, चांदमल जोशी, हेमंत पालीवाल रॉयल ग्रुप, अनिल खंडेलवाल, घनश्याम बागोरा, दिनेश पामेचा, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, जगदीश कुमावत, सुशील बड़ाला, हरीश कुमावत, कमल गौड, तरुणा कुमावत, सविता सनाढ्य, प्रेम हाड़ा, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## नगर मे निकाली गई भव्य कलश यात्रा का आतिशबाजी कर के स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर विशाल हिन्द सम्मेलन से पूर्व रावत भाटा नगर मे निकाली गई भव्य कलश यात्रा का शिव मंडल द्वारा हाट चौक मे भव्य स्वागत किया गया। शिव मंडल सदस्यों ने कलश यात्रा में शामिल मातृशक्ति का पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी कर के स्वागत किया । इस दौरान शिव मंडल के सदस्य,वरिष्ठजन एवं बाजार क्षेत्र के व्यापारी उपस्थित इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार वधवा शिव मंडल अध्यक्ष गुलशन वाधवानी संरक्षक हरीश राठौर हर्ष जैन महामंत्री राहुल राठौर प्रिंस वाधवानी पवन सेन दीपक रैगर निखिल सेन ललित जंगम मयंक शर्मा सौरभ जैन भुवनेश नागर विजय गुप्ता नरेंद्र परिहार गौरव वाधवानी भगवतीलाल जैन भरत लक्ष्कार विष्णु टेलर बिट् डाबी चेतन डाबी भरत टेलर कपिल राठौर प्रेम राठौर दौलत सोनी रवि राठौर आदि शिव मंडल के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जांगिड़ समाज के बैठक संपन्न हुई

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** रविवार को जांगिड़ समाज की बैठक मांडुपा बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से जांगिड़ समाज द्वारा 31 जनवरी को विश्वकर्मा जयंती का आयोजन करना तय किया गया।



यह आयोजन गेपा के बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जांगिड़ समाज के अधिकांश लोग बैठक में उपस्थित रहे।

## पहले माता-पिता के मकान छोटे, मन बड़े थे; आज बच्चों के मकान बड़े, मन छोटे - पं. कमल किशोरजी नागर

बढ़ता राजस्थान

**बकानी (नि.स.)।** बकानी के समीप थोबडिया खुर्द गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन दिव्य गौसेवक संत पं. कमल किशोरजी नागर ने कहा कि पहले माता-पिता के मकान छोटे थे, लेकिन उनका मन विशाल था। आज पढ़े-लिखे बच्चों के मकान बड़े हो गए हैं, परंतु सोच संकुचित होती जा रही है, जिससे पारिवारिक मर्यादाएं टूट रही हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जीवन में सुख-दुख दोनों को स्वीकार करने की सीख दी थी। पांडवों पर जब भी संकट आया, परमात्मा ने उनकी सहायता की। त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने भजन-ध्यान के लिए अवकाश रखा था, जबकि आज लोग अवकाश का समय भोग-विलास में गंवा रहे हैं। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने सेवा और त्याग का महत्व बताया। महिलाओं से मर्यादित पहनावे की अपील करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की रक्षा आवश्यक है। उन्होंने माता-पिता से कहा कि केवल धन के लिए बच्चों को विदेश न भेजें। कथा में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में नंदोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

## एसआईआर में नाम काटने-जोड़ने का आरोप भाजपा बीएलए के खिलाफ थाने में शिकायत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम की अगुवाई में एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम काटने व जोडने में की जा रही गंभीर अनियमितताओं को लेकर रविवार को विज्ञान नगर थाने में भाजपा के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। कांग्रेस पदाधिकारियों, फरियादी मतदाताओं एवं अधिवक्ताओं ने थाने पहुंचकर दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।



राखी गौतम ने आरोप लगाया कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के इशारे पर भाजपा बीएलए द्वारा साजिशन कांग्रेस समर्थित, जीवित एवं पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाए गए। इसके लिए झूठी जानकारी देकर फॉर्म-7 प्रस्तुत किए गए, जो लोकतंत्र पर सीधा हमला और मतदाताओं के मौलिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि मताधिकार छीनने की यह कोशिश भाजपा की लोकतंत्र विरोधी सोच को उजागर करती है और कांग्रेस इस साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। कोटा दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष जोंटी बीरवाल ने कहा कि एसआईआर की आड़ में चुनिंदा वर्गों को निशाना बनाकर वोट काटने का षड्यंत्र किया जा रहा है। कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सडक़ से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

## क्षेत्रीय मेघवाल विकास समिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** क्षेत्रीय मेघवाल विकास समिति, रामगंजमंडी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को मारुति नगर स्थित मेघवाल समाज छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा रामदेव जी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री आनंद गेहलोत सहित पूरी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती कलावती विशिष्ट अतिथि रामचंद्र मेघवाल उपस्थित रहे। अध्यक्ष आनंद गेहलोत ने समाज के विकास और शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया गया।

## अप्रैल अंत तक दरा टनल पर एक तरफ का ट्रैफिक होगा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/दरा (मंगल सिंह)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को दरा टनल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं आरएसआरडीसी के अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि टनल का कार्य अप्रैल अंत तक पूरा कर एक तरफ का यातायात प्रारंभ कर दिया जाएगा।



ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि टनल निर्माण में हो रही देरी के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# विराट हिंदू सम्मेलन में गूंजा एकता का मंत्र 'जब-जब हिंदू घटा, तब-तब देश बटा'

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रविवार को स्थानीय महाराणा प्रताप सेंट्रल पार्क में 'विराट हिंदू सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विघटित होते हिंदू समाज को पुनः संगठित करना और सांस्कृतिक चेतना जागृत करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जो मानव मंदिर और अंबे माता मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान मातृशक्ति ने भक्तिमय गीतों, भारत माता के जयकारों और 'वंदे मातरम' के उद्घोष से वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष विनोद त्यागी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण भारतवर्ष में इसे शताब्दी उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में हिंदू समाज को संगठित करने के लिए इन सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने संघ की स्थापना और उसके उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला।



### सांस्कृतिक और बौद्धिक उद्बोधन

मुख्य वक्ता गोविंद जी ने जनसंख्या असंतुलन और धर्म परिवर्तन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, इतिहास गवाह है कि जब-जब हिंदू घटा है, तब-तब देश बटा है। उन्होंने जातिवाद को नकारते हुए कहा कि प्राचीन व्यवस्था कार्यों के आधार पर थी, न कि जन्म के आधार पर। उन्होंने आह्वान किया कि हर परिवार को अपना एक पुत्र देश सेवा के लिए समर्पित करना चाहिए। आचार्य जी ने युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति बढ़ती झिझक पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि तिलक लगाने और कलावा बांधने में गर्व महसूस करना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक सनातनी के लिए हनुमान चालीसा और मूल मंत्रों के ज्ञान को अनिवार्य बताया। कार्यक्रम में भारत माता की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सेवा भारती और आदर्श विद्या मंदिर के नन्हे बालकों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा परिसर तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन और मातृशक्ति उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवीण गुप्ता ने किया तथा अंत में देवेन्द्र व्यास ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## रामगंजमंडी नगर कांग्रेस की अहम बैठक वोटर लिस्ट व वार्ड सीमांकन पर हुआ मंथन

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** नगर कांग्रेस कार्यालय पर रविवार को नगर अध्यक्ष पवन बाबेल के नेतृत्व में नगर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य एसआईआर के बाद जारी नवीन मतदाता सूची तथा नगर पालिका वार्ड सीमांकन को लेकर विस्तृत चर्चा करना रहा। बैठक में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची में संभावित त्रुटियों, नाम जोडऩे व हटाने की प्रक्रिया तथा नए वार्ड सीमांकन से उत्पन्न राजनीतिक और प्रशासनिक प्रभावों पर अपने विचार रखे। नगर अध्यक्ष पवन बाबेल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष और त्रुटिरहित मतदाता सूची बेहद जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर मतदाता सूची का गहन निरीक्षण करने और किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर समय रहते संबंधित विभाग में आपत्ति दर्ज कराने का आह्वान किया। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि प्रत्येक वार्ड में जिम्मेदार कार्यकर्ताओं की टीम गठित कर मतदाता सूची से जुड़ी आपत्तियों को व्यवस्थित रूप से दर्ज कराया जाएगा। साथ ही वार्ड सीमांकन से प्रभावित क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक में पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गौतम, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रमेश मीणा (गुड्डू) सहित बहादुर सिंह, छितरलाल गुर्जर, नूर मोहम्मद, रामदयाल मीणा, अनिल सुमन, मनीष पारेता, धनराज यादव, कमलेश नामदेव, अतुल गौतम, कपिल नामदेव, श्याम धनोतिया, कालू सेन, आरिफ खान, नरेंद्र राठौर (शेरू), दीपांशु पारेता, कमल संगत, जेपी यादव, ईश्वर लालावत, विक्की यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने एकजुट होकर आगामी चुनावी तैयारियों को मजबूती देने का संकल्प लिया।



## बांग्लादेश हिंसा के खिलाफ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का प्रदर्शन

### बांग्लादेशी झंडा जलाया, प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही निरंतर हिंसा और हत्याओं के विरोध में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने रविवार को कोटा में जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के निर्देश पर मंच के कार्यकर्ता सर्किट हाउस में एकत्रित हुए, जहां से राष्ट्रीय संयोजक अबु बकर नकवी एवं प्रदेश सहसंयोजक इरशाद अली के नेतृत्व में जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी झंडा जलाया और बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन किया।




इस अवसर पर अबु बकर नकवी ने कहा कि बांग्लादेश यह भूल गया है कि 1971 में पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों से उसे भारत ने ही मुक्त कराया था। आज उसी बांग्लादेश में हिंदुओं का नरसंहार किया जाना घोर निंदनीय है। उन्होंने चेतावनी दी कि बांग्लादेश पाकिस्तान की आत्मघाती राह पर न चले, क्योंकि भारत ने पहले भी अत्याचारियों को जवाब दिया है। प्रदेश सहसंयोजक इरशाद अली ने कहा कि निर्दोषों की हत्या किसी भी धर्म में स्वीकार्य नहीं है। केवल पहचान के आधार पर हत्या, महिलाओं के साथ अत्याचार मानवता के खिलाफ अपराध हैं। उन्होंने सभी मुसलमानों से अपील की कि जैसे गाजा में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों का विरोध किया जाता है, वैसे ही बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं का भी एकजुट होकर विरोध किया जाना चाहिए।

प्रदर्शन में मंच के संभाग संयोजक अहसान अंसारी, अजीज खान, सलीम खान, अल्ताफ खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष के मौके पर निकाली भव्य कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**इटावा (मुकेश गोस्वामी)।** खातोली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम के अंतर्गत खातोली खण्ड के मण्डल खातोली में हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ पार्वती नदी गणेशथाल से गाजे बाजे के साथ खातोली कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई कलश यात्रा पंचमुखी प्रांगण पर पहुंची। कलश यात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई तथा आतिशबाजियों के साथ में कलश यात्रा पंचमुखी प्रांगण पर पहुंची जहां टीकम सिंह हाड़ा और सभी ग्राम वासियों ने गंगा आरती की । गंगा आरती के बाद अंतरराष्ट्रीय सनातन अखाड़ा जिलाध्यक्ष बारां श्री पंच दसनाम जुना अखाड़ा के संत महंत नागा सन्यासी श्री कार्तिक गिरि महाराज गुरुस्थान लक्ष्मण टेकरी बारां वर्तमान मानव कल्याण सार्वजनिक सेवा समिति स्वयंभू आश्रम गुरु जी का मार्गदर्शन प्राप्त उन्होंने अपने प्रवचन में हिन्दू जागृति पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा मानव का विश्वास जगेगा । बांग्लादेश में हो रहे हिंदू अत्याचार पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति का मूल्यांकन जाति, भाषा या संपत्ति से नहीं होना चाहिए और सामाजिक समरसता के लिए भेदभाव खत्म करना जरूरी है.। इसके बाद कोटा विभाग प्रचार प्रमुख चंद्रशेखर द्वारा अपने बौद्धिक में कहा कि भारत के पुनर्निर्माण की दिशा में एक विचार-यात्रा प्रारंभ कर रहा है।

## पुरानी रंजिस का विवाद खूनी संघर्ष में बदला, तीन घायल, दो रैफर

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** कस्बे में रविवार दोपहर बाद डीएसपी ऑफिस से महज कुछ दूरी तहसील गेट के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें तीन जने गंभीर घायल होने पर नैनवां उपजिला चिकित्सालय से रैफर किया गया। डीएसपी राजूलाल मीणा ने बताया कि एक पक्ष के गांवड़ी निवासी धनराज गुर्जर व उसके पुत्र जितेन्द्र गुर्जर व दूसरे पक्ष के भोमपुरा निवासी रामावतार गुर्जर के बीच पुरानी रंजिस को लेकर आपसी कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष हो गया जिसमें रामावतार गुर्जर एंव धनराज गुर्जर के गंभीर चोटे होने से प्राथमिक उपचार के बाद बून्दी रैफर किया गया। दोनो पक्षो की ओर से अभी रिर्पोट प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस मामले मे जॉच कर रही है।



मौके पर मची अफरा तफरी- तहसील कार्यालय के सामने डीएसपी कार्यालय के पास एकाएक हुआ खूनी संघर्ष से अफतरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुँची एक पक्ष के लोगो को ऑटो में बैठा कर उपजिला चिकित्सालय पहुँचाया दूसरे पक्ष के घायल को पुलिस गाड़ी में लेकर उपजिला चिकित्सालय पहुँचे। खूनी संघर्ष होने की सुचना पर उपजिला चिकित्सालय परिसर में लोगो की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद डीएसपी राजूलाल मीणा एंव सीआई सहदेव मीणा भी उपजिला चिकित्सालय पहुँचे। उन्होने घायलो का प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलो की गंभीर हालत होने पर बून्दी रैफर किया गया।

ऐसे हुआ घटनाक्रम- थाना क्षेत्र के गांवड़ी निवासी धनराज गुर्जर उसके पुत्र जितेन्द्र गुर्जर व पुत्री राधिका को ऑटो मे बैठा कर अपने गांव की ओर जा रहे थे। रास्ते में पुरानी रंजिश के चलते दोनो पक्षो में कहासुनी होने के बाद रंजिस खूनी संघर्ष में तब्दिल हो गई। एक पक्ष लोहे के सरिये से वार किया जाना बता रहे है,जबकी दूसरा पक्ष चाकू से हमला किया जाने का आरोप लगा रहे है। पुलिस घटनाक्रम को देखते हुए पुलिस जाप्ते के सर्तक कर दिया है। पुलिस अधिकारी मामले की जॉच में जुटे हुए है।

## क्षतिग्रस्त पेयजल टंकी का मालवा गिरता रहा,विभाग तमाशाबिन

बढ़ता राजस्थान

**इटावा (मुकेश गोस्वामी)।** इटावा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करवाड़ में जानकारी के मुताबिक जलदाय विभाग की और से 80 की दशक में पेयजल टंकी का निर्माण किया गया था टंकी की समय अवधि पूरी होने के चलते विभाग द्वारा नई टंकी बनाकर लोगों को हर घर जल नल योजना के तहत पानी की सप्लाई तो चालू कर दी परंतु गौर करने वाली बात यह भी है कि जब नई टंकी बन चुकी है तो पुरानी टंकी को क्यों नहीं हटाया गया पुरानी टंकी की समय अवधि के चलते क्षतिग्रस्त होने से उसका बार-बार मलवा गिरता रहा लोग शिकायत करते रहे और ग्रामीणों में दहशत के साये में निकलते रहे परंतु जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधकर हादसे का इंतजार में क्यों। और देखते ही देखते अल सुबह ही ग्रामीणों का क्षतिग्रस्त टंकी के पास से गुजरना मुसीबत पीछे पड़ जाने वाली कहावत सामने आई ओर कई किलो के क्षतिग्रस्त पानी की टंकी के मलवे के टुकड़े गिरने से रहा चलते लोग बाल बाल बचे किसी को चोट नहीं आई।



हमारे द्वारा फोन पर बात करने का प्रयास किया गया परंतु इटावा पीएचडी कनिष्ठ अभियंता ने फोन नहीं उठाया।

### इनका कहना

जलदाय विभाग को मैंने मामले को अवगत करा रखा है लेकिन पीएचडी विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त टंकी के आसपास कोई सुरक्षा के लिए इंतजाम नहीं किया।

**सरपंच परशुराम गुर्जर,ग्राम पंचायत करवाड**

## आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के कोटा आगमन पर स्वागत को लेकर बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड़)।** सनातन धर्म के प्रख्यात संत एवं एकता के संवाहक आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कोटा आगमन को लेकर हाड़ौती अंचल में उत्साह का माहौल है। रामगंजमंडी में आयोजित गौ माता महोत्सव में सहभागिता हेतु उनके आगमन की तैयारियों को लेकर रविवार सायं सनातन धर्म मंदिर, दादाबाड़ी में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि आचार्य शास्त्री की लोकप्रियता को देखते हुए भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक स्वागत की आवश्यकता है। कोटा शिक्षा के साथ-साथ धर्म की भी नगरी है, अतः उनका स्वागत यादगार होना चाहिए। बागेश्वर धाम सरकार शिष्य मंडल कोटा के अनुज शर्मा ने बताया कि आचार्य शास्त्री 22 जनवरी को कोटा एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा 23 से 25 जनवरी तक रामगंजमंडी के गुंदी फतेहपुर औद्योगिक क्षेत्र में श्रीराम कथा व दिव्य दरबार आयोजित होगा। बैठक में स्वागत व्यवस्थाओं, मार्ग सज्जा, स्वागत द्वार, भगवा ध्वज एवं पुष्पवर्षा की रूपरेखा तय की गई। बैठक में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# मनरेगा बचाओ अभियान, नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस की हुंकार

## गांव-गांव बैठकों में फूटा आक्रोश, रोजगार सुरक्षा और मजदूरी बढ़ोतरी की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के निर्णय के खिलाफकांग्रेस पार्टी ने बयाना उपखंड क्षेत्र में 'मनरेगा बचाओ अभियान' के तहत व्यापक जनसंपर्क और विरोध की शुरुआत कर दी है। रविवार को उपखंड के गांव कनावर, भीमनगर, शेरगढ़ और गाजीपुर में आयोजित अलग-अलग बैठकों में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया। बैठकों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान और मजदूर शामिल हुए, जहां सरकार की नीतियों के प्रति नाराजगी खुलकर सामने आई।

अभियान के तहत आयोजित बैठकों की अध्यक्षता बहादुर सिंह पटेल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सूपा मौजूद रहे। अपने संबोधन में दिनेश सूपा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनहितकारी योजनाओं के नाम बदलकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि केवल नाम बदलने से न तो गांवों का विकास होगा और न ही मजदूरों की समस्याओं का समाधान निकलेगा। जरूरत इस बात की है कि ग्रामीण मजदूरों को रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जाए और मजदूरी दर में सम्मानजनक बढ़ोतरी की जाए।

जिलाध्यक्ष ने मनरेगा का नाम बदलने के फैसले को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम और गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण भारत को आर्थिक संबल दिया है और इसे कमजोर करने की कोई भी कोशिश कांग्रेस स्वीकार नहीं करेगी। बयाना-रूपवास विधानसभा प्रभारी राजेश कटारा ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि सरकार वास्तव में गांवों का विकास चाहती है तो मजदूरों को समय पर काम उपलब्ध कराना और पूरा भुगतान सुनिश्चित करना होगा। पूर्व विधायक अमर सिंह ने कहा कि मनरेगा के चलते गांवों से होने वाला पलायन काफी हद तक रुका है। इसे कमजोर करने की कोशिशें भाजपा सरकार की गरीब विरोधी सोच को उजागर करती हैं। जिला उपाध्यक्ष मनोज दमदमा, जिला सचिव



रामबाबू धाकड़ और किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष झमोली सिंघाड़ा ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस ने हमेशा मजदूरों, किसानों और गरीब वर्ग के हितों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को बचाने की यह लड़ाई आगे भी सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ी जाएगी।

बैठकों में उप प्रधान विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष बनयसिंह बिडयारी, गंभीर मीणा, मोहन मिश्रा, शहर अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, ब्लॉक उपाध्यक्ष बच्चू सिंह पीटीआई, रामेंद्र दनगस, रेणु राजौरा, बंटी रुदावल, देवी सिंह, डॉ. टीकम सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से मांग की गई कि मनरेगा का नाम यथावत रखा जाए।

# संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57 वीं पुण्यतिथि विश्व शांति दिवसके रूप में मनाई



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विश्व शांति भवन भरतपुर सेवा केंद्र पर संस्था के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57 वीं पुण्यतिथि ष्विश्व शांति दिवसष्के रूप में मनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भ्राता कमर चौधरी जिला कलेक्टर भरतपुर, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगीनी ब्र. कु. कविता दीदी, प्रभारी, भरतपुर ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भ्राता जुगल किशोर सैनी, डायरेक्टर सैनी मिष्ठान भण्डार प्राइवेट लिमिटेड भ्राता राकेश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता, भरतपुर

भ्राता धर्मेन्द्र सिंह, भरतपुर,भ्राता विष्णु सैनी, जिला अध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका ब्र. कु. प्रवीणा बहिन, ब्र. कु. गीता बहिन, ब्र. कु. योगिता बहिन रही । यहाँ पर जब ध्यान में बैठा तो मन को बहुत सुकून मिला द्यमेरा बचपन से ही यहाँ से जुड़ाव रहा है और ब्रह्मा बाबा ने जो भी मार्ग बताया,आध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाया वो निश्चित रूप से महा नायक रहे जिनके पद चिन्हो पर आज लाखों लोग चल रहे हैं और ये संस्था विश्व व्यापी बन गई हैं ष्ब्उक्त विचार जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 57 वें पुण्य स्मृति दिवस पर व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्र. कु.कविता दीदी ने बताया की आज सम्पूर्ण विश्व 140 देशों में ब्रह्मा बाबा की 57 वीं पुण्यतिथि को विश्व शांति दिवस के रूप में मना रहा है हमारी संस्कृति का मूल उद्देश्य है बसुधेव कुटुंबकम ब्रह्मा बाबा के माध्यम से परमात्मा ने जो बीज बोया आज वह पूरे विश्व में अपनी शाखाएं फैला चुका है ब्रह्मा बाबा ने लाखों आत्माओं का जीवन परिवर्तन किया एवं विश्व में शांति स्थापित करने का सभी के लिए मार्ग प्रदर्शक बने। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने सम्पूर्ण जगत को ऐसा मार्ग दिखाया जो दादा लेखराज से ब्रह्मा बाबा बन गए। मंचासीन अतिथियों का तिलक, बैज, गुलदस्ता के द्वारा स्वागत किया गया। जिला कलक्टर सहित मंचासीन अतिथियों ने ब्रह्मा बाबा को श्रद्धांजलि पुष्प गुच्छ एवं पुष्पों से अर्पित की,अतिथियों को ईश्वरीय साहित्य सौगात एवं प्रसाद भेंट किया।जुगल किशोर भाई ने सभी का धन्यवाद किया, मंच संचालन ब्र. कु. प्रवीणा दीदी ने किया।इस कार्यक्रम में ब्र. कु. पावन, जाग्रति, रजनी, जयसिंग, सुदेश, एवं विभिन्न गांव सेआए सैकड़ो भाई बहन मौजूद रहे स कार्यक्रम में योग तपस्या कर अव्यक्त भाव बनाने हेतू कार्यक्रम प्रात: 6.00से 1.00 बजे तक आत्म शांति से विश्व शांति हेतू मनाया गया।

# लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में 250 कंबलों का वितरण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा कड़ाके की सर्दी में निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आज श्री गिरिराज धरण गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में 250 ऊनी कंबलों का वितरण किया गया। इस सेवा प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य परिक्रमा मार्ग पर निवास करने वाले मजदूरों, भिक्षुओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु सहयोग प्रदान करना रहा। क्लब सदस्यों ने सेवा भाव और मानव कल्याण की भावना से प्रेरित होकर इस मानवीय कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया। जॉन चेयरपर्सन मंजू गुप्ता एवं क्लब अध्यक्ष बी एम गुप्ता के नेतृत्व में भरतपुर से गोवर्धन के लिए सत्यव्रत आर्य, दिनेश सिंघल, जितेंद्र भारद्वाज, अरविन्द सिंह, राजेश कपूर, कमलेश जिंदल राहुल सिंह, पूनम सिंघल, आदि सदस्य रवाना हुए और सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। कंबल वितरण के दौरान लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और राहत की झलक स्पष्ट दिखाई दी। इस अवसर पर क्लब संरक्षक लायन विनोद सिंघल ने कहा कि लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स सदैव समाज के वंचित वर्ग की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे सेवा प्रकल्प निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। क्लब सचिव रमेश चंद्र वर्मा ने सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही मानव सेवा के कार्यों को गति मिलती है।कार्यक्रम के उपरांत सभी सदस्यों ने दानघाटी पर सामूहिक पूजा-अर्चना की तथा तत्पश्चात सहभोज का आयोजन हुआ। लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स का यह सेवा प्रकल्प समाज में संवेदनशीलता, करुणा एवं सेवा की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुआ।

# परम शक्ति जीव सेवा संस्था के कार्यकर्ताओं ने मृत गोवंश के साथ विरोध प्रदर्शन कर डीग- गोवर्धन सड़क मार्ग पर लगाया जाम

## नगर परिषद सफाई कर्मियों द्वारा मृत गोवंश को खुले में डाले जाने पर जताया आक्रोश

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** डीग शहर में नगर परिषद सफाई कर्मियों द्वारा मृत गोवंश को डीग - गोवर्धन रोड स्थित मुक्तिधाम के समीप डंपिंग यार्ड में खुले में डालने के विरोध में रविवार की परम जीव सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए डीग - गोवर्धन अंतरराज्यीय सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। जिसकी सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस और नगर परिषद के सफाई निरीक्षक ने समझाइश कर मृत गाय का अंतिम संस्कार कराकर जाम खुलवाया । परम शक्ति सेवा संस्थान के अध्यक्ष नवीन फौजदार और सदस्यों का आरोप था कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा मृत गोवंश को गड्ढा खोदकर मिट्टी में दबाने के स्थान पर डीग - गोवर्धन रोड पर स्थित मुक्ति धाम के पास वाले स्थान पर जहां नगर परिषद द्धारा कचरा डाला जाता है, कचरे के साथ मृत गोवंश को खुले में डाल दिया जाता है।

जिससे उस स्थान पर स्वान और अन्य जीव जंतु मृत गोवंश का मांस नोचते देखे जाने से इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों सनातन धर्मियों की धार्मिक भावनाएं आहत होती है। नगर परिषद सफाई कर्मियों के इस सनातन धर्म विरोधी कार्य के विरोध रविवार को दोपहर करीब 3 बजे परम शक्ति जीव सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष नवीन फौजदार पास्ता के नेतृत्व में मृत गाय के शव को सड़क पर रख कर प्रदर्शन करते हुए डीग - गोवर्धन रोड पर जाम लगा दिया। जिसकी सूचना पर बहज पुलिस चौकी प्रभारी एस आई मंगतू राम और थाना कोतवाली प्रभारी रामनरेश मीणा मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे। जिन्होंने परम जीव सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं से वार्ता की और नगर परिषद के सफाई निरीक्षक नीटू पाराशर को मौके पर बुलाया। जिनके द्धारा भविष्य में मृत गोवंश को खुले में डालने के स्थान पर विधिवत अंतिम संस्कार किए जाने का आश्वासन दिए जाने तथा मृत गाय को नगर परिषद सफाई कर्मियों द्वारा जेसीबी से गड्ढा खोदकर विधिवत अंतिम संस्कार करने के बाद जाम खुलवा कर रास्ता सुचारू कराया गया।

इस विरोध प्रदर्शन में शंकर, सचिन, आकाश, धर्मेंद्र कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में अन्य गौरक्षक मौजूद रहे।

# राजस्थान एकीकृत शारीरिक शिक्षक संघ की बैठक निर्विरोध हुआ जिला कार्यकारिणी का गठन, रामनिवास मीणा बने जिलाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान एकीकृत शारीरिक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन बाड़ी में किया गया है। इस दौरान वरिष्ठ शारीरिक टीचर रामनिवास मीणा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जबकि विक्रम सिंह को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह बैठक शहर के उत्थान भवन में संगठन की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला समन्वयक अनीता चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें जिला कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। संगठन के प्रदेश मुख्य संरक्षक विजय शर्मा ने बताया कि धौलपुर जिले के सभी शारीरिक शिक्षकों की इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक उमादत्त शर्मा,अशोक मीना और अनीता चौधरी को संरक्षक बनाया गया है। कैलाश चाहर को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पवन मीणा और कैलाश ठाकुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पदभार दिया गया है। दिलीप सिंह जादौन सभाध्यक्ष बने हैं, जबकि हनुमान प्रसाद और दिनेश कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है।

अतर सिंह, विनय कुल्हाड़ी, प्रदीप पूनिया, नानूराम, त्रिलोक यादव और कप्तान सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अनेक सिंह को संगठन का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। गयाशीराम, राघवेंद्र जादोन, हीरालाल, पुष्पेंद्र, अर्जुन सिंह और अनिल मीणा संयुक्त सचिव बनाए गए हैं। महिला विंग में सीता जाट को महिला महामंत्री बनाया गया है। रागनी त्रिवेदी, सरिता खिधोरा, मंजू देवी, सोनू दिवाश और सुनीता कुमारी को महिला मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

# भानु प्रताप सिंह राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे निर्णायक नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर ताइक्वांडो के सीनियर कोच निखिल तोमर ने बताया के इंडिया ताइक्वांडो के तत्वाधान मे राजस्थान ताइक्वांडो द्वारा जयपुर के एसएमएस स्टेडियम मे 18 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित द्वितीय फेडरेशन कप राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे भरतपुर ताइक्वांडो सचिव व राजस्थान के एकमात्र अंतराष्ट्रीय रेफरी भानु प्रताप सिंह यादव को रेफरी के लिए चयन किया गया हैं द्यभानु प्रताप सिंह पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर रेफरी कर चुके हैं ।



# शहर में निकली मां राजराजेश्वरी की कलश एवं शोभायात्रा

## मंदिर पर विनायक सेवा समिति द्वारा 09 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन शुरू



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में विनायक सेवा समिति द्वारा मां राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर पर नौ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत प्रथम दिन रविवार को शहर में कलश एवं शोभायात्रा का आयोजन हुआ। बाड़ी उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह शोभायात्रा जब शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरी तो लोग देखते रह गए और माहौल भक्ति में हो गया। इस दौरान मातारानी के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा का लोगो ने जगह-जगह स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान शहर कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा एसआई हरवीर सिंह और ट्रैफिक पुलिस टीम का भी विनायक सेवा समिति के पदाधिकारी ने सम्मान किया। शोभायात्रा में हिंडौन से आए ताज बैंड ने ऐसी मधुर भजन एवं गीतों की प्रस्तुति दी कि लोग दंग रह गए। शोभायात्रा का समापन मातारानी मंदिर पर हुआ, जहां सभी को भोजन प्रसादी भी कराई गई। विनायक सेवा समिति की मीडिया प्रभारी आरती शिवहरे ने बताया कि 18 जनवरी से 27 जनवरी तक नौ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन माता रानी के मंदिर पर किया जाएगा। आज प्रथम दिन भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई है। कल 19 जनवरी सोमवार को मातारानी के चरणों में विशेष पोशाक भेंट की जाएगी और कैलादेवी करौली से आये विद्वान पंडितो द्वारा शतचंडी पाठ का शुभारंभ होगा। 24 जनवरी को माता के मंदिर में विनायक सेवा समिति की महिला मंडल द्वारा गरबा एवं डांडिया नृत्य का आयोजन होगा। 25 जनवरी को माता रानी मन्दिर पर फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी और छप्पन भोग की प्रसादी लगेगी। इस दौरान रात्रि में देवी जागरण पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। 26 जनवरी को मातारानी के पाठों का समापन होने पर पूर्णाहुति हवन यज्ञ होगा और 27 जनवरी को मंदिर परिसर में विशाल भंडारा किया जाएगा। विनायक सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष बंसल ने बताया कि जनवरी महीने में माता रानी के मंदिर का जीणोद्धार कार्य हुआ था। ऐसे में हर वर्ष माता रानी के मंदिर पर विशेष आयोजन किया जाता है। इस बार विनायक सेवा समिति द्वारा यह आयोजन किया जा रहे हैं। जिसमें सभी श्रद्धालुओं और शहर के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान विनायक सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मंगल,महामंत्री देवेंद्र गर्ग,कोषाध्यक्ष पवन गोयल,मंत्री सुलभ मित्तल,धर्मेंद्र गोयल, राघव मित्तल,उदित गर्ग,शुभम मंगल, छन्नो गर्ग,धीरज मित्तल,गोपाल,पण्डित सन्तोष शास्त्री के साथ समिति से जुड़े तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर में ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम को समझाया वही पुलिस द्वारा यातायात नियमों की दी गई जानकारी

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया जा रहा है। जिसमें चतुर्थ दिवस का प्रारंभ दैनिक प्रार्थना राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ किया गया।

चौथे दिन शिविर का मुख्य लक्ष्य एन.एस.एस. के द्वारा गोद लिए गए गांव अहमदपुर में नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को गांव की चौपाल में बुलाकर उनको नशा से होने वाले दुष्परिणाम एवं नशा की लत को छोड़ने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना था, जिसके तहत एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश राम गुर्जर ने ग्रामीणों को समझाया तथा नई किरण नशा मुक्ति अभियान प्रभारी सहायक आचार्य केशव कुमार यादव ने भी गर्मीणों को संबोधित किया और बताया कि अहमदपुर गांव की समरसता बहुत अच्छी है उपस्थित सभी बच्चों को चॉकलेट दी गई तथा साथ ही प्लास्टिक कचरा पॉलिथीन का निस्तारण, साफ-सफाई के बारे में कॉलेज की अम्बेसडर छात्रा गुनगुन परमार ने ग्रामीण महिलाओं को समझाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के बौद्धिक सत्र में बाड़ी थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा तथा टीआई गोविंद सिंह चौधरी एवं उनकी टीम बौद्धिक सत्र में उपस्थित रही जिसमें थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने छात्रों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी सड़क सुरक्षा की विस्तार से नियमावली को समझाया । कार्यक्रम में उपस्थित उर्दू के सहायक आचार्य ओमप्रकाश गुर्जर,शुभम भारद्वाज, तथा हिंदी साहित्य के आचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश राम गुर्जर ने संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन किया। उक्त अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** प्रताप नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारी संस्थान के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। यह दिवस पूरे विश्व में विश्व शांति के संदेश के साथ मनाया जा रहा है। सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी आशा दीदी ने बताया कि ब्रह्मा बाबा का जन्म भारत के सिंध प्रांत के हैदराबाद में हुआ था। वे दादा लेखराज के नाम से प्रसिद्ध एक प्रतिष्ठित जौहरी थे। वे नियमित रूप से श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ करते थे और श्री नारायण के परम भक्त थे। भक्ति के फलस्वरूप उन्हें अनेक दिव्य साक्षात्कार हुए, जिनसे उनके जीवन में अद्त, अविस्मरणीय और आध्यात्मिक परिवर्तन आए। आशा दीदी ने कहा कि राजसी ठाठ-बाट में रहने वाले दादा लेखराज ने अपना तन, मन, धन और सभी संबंध जन-जन की आध्यात्मिक सेवा में समर्पित कर दिए। उन्हें अलौकिक नाम प्रजापिता ब्रह्मा प्राप्त हुआ और वे ब्रह्माकुमारी संस्था के मुख्य संस्थापक बने। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी एवं ज्योति दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। वहीं अनीता दीदी ने ब्रह्मा बाबा की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर महेश गोयल जेकेजीएम सेवानिवृत्त, मनोज मेनारिया (पार्षद), देवेश बंसलराजकीय सांवरिया हॉस्पिटल, मेडिकल इंचार्ज, रेलवे गार्ड बीके बाल किशन भाई, वरिष्ठ कृषि अधिकारी मदनलाल धाकड़ एवं रेलवे से रिटायर्ड सुभाष भाई, मनोज भाई, पतंजलि से सरस्वती शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने ब्रह्मा बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी उपस्थितजनों ने अपने जीवन में एक ऐसा संकल्प लिया, जिससे वे ब्रह्मा बाबा समान श्रेष्ठ, पवित्र और सेवाभावी जीवन जी सकें तथा विश्व शांति की स्थापना में योगदान दे सकें।

## मौनी अमावस्या पर श्री निमडिय़ा भैरव देव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** रविवार को पौष मास कृष्ण अमावस्या (मौनी अमावस्या) के पावन अवसर पर श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला के समीप स्थित श्री निमडिय़ा भैरव देव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव से किया गया। इस अवसर पर श्री निमडिय़ा भैरव देव के भक्तों की उपस्थिति में दीपक वैष्णव एवं पंडित शम्भूनाथ द्वारा विधिविधान से पूजा सम्पन्न कराई गई तथा श्री भैरव देव की महाआरती की गई। आरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्री भैरव देव के दर्शन कर सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की।मौनी अमावस्या के इस पावन अवसर पर निंबाहेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भैरव भक्त मंदिर परिसर में पहुंचे, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पूर्व शनिवार को चतुर्दशी के अवसर पर श्री निमडिय़ा भैरव देव जी की प्रतिमा का विशेष एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया।

## अवैध व्यापारिक समस्याओं के समाधान के लिए 'बूंदी स्टॉकिस्ट एंड डीलर्स एसोसिएशन' ने कसी कमर, पोस्टर का हुआ विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** शहर के श्री मत्स्य गार्डन बायपास रोड पर रविवार को बूंदी स्टॉकिस्ट एंड डीलर्स एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और मार्केट में आ रही व्यापारिक बाधाओं पर गहन चर्चा की गई।

**मार्केट में जागरूकता के लिए पोस्टर विमोचन :** बाजार में गैर-पंजीकृत सदस्यों द्वारा उत्पन्न की जा रही समस्याओं के समाधान हेतु एसोसिएशन ने एक विशेष पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर का विमोचन मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल व पुर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल द्वारा किया गया। इन पोस्टरों को पूरे मार्केट में लगाया गया है ताकि व्यापारियों और ग्राहकों को सही जानकारी मिल सके।

**अवैध व्यापार पर चिंता :** एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश मंडोवरा एवं सचिव मनोज जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग संगठन के रजिस्टर्ड सदस्य नहीं हैं, उनके कारण मार्केट में एजेंसी संबंधी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संगठन इस काफी समय से लंबित और ज्वलंत समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह तत्पर है।

**नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान :** कार्यक्रम के दौरान थोक एवं खुदरा व्यापार संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर थोक एवं खुदरा व्यापार संघ के पदाधिकारी भी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में त्ररूर एजेंसी डिवीजन, कोटा के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी व्यापारिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में संगठन की एकता देखने को मिली। इस दौरान ?संरक्षक: ब्रजेश गुप्ता, चेतन बिरला, गौरव व्यास , ?उपाध्यक्ष: राजेश जैन, शरद बाकलीवाल, राजकुमार सखुजा, गौरव जेसानी, ?कोषाध्यक्ष: परमेश्वर मण्डोवरा, ?अन्य सदस्य: किशोर नागपाल, अक्षय जेथलिया, संजय दाखेडा, लक्ष्मण टेकवानी, प्रसून बाहेती, ब्रजेश गौतम, विजय तोषनीवाल, कपिल पोरवाल सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

## 'भारत की सुरक्षा के बड़े खतरे जनसंख्या विस्फोट और भ्रष्टाचार'

# कानून बदलने और न्याय व्यवस्था में सुधार और समान शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता-अश्विनी उपाध्याय

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** भारत की सुरक्षा में सिर्फ आतंकवादी या अलगाववाद ही नहीं आंतरिक और बाहरी और भी कई खतरे हैं, और विभिन्न खतरों व समस्याओं के मूल कारण है भ्रष्टाचार और जनसंख्या विस्फोट। जब तक हमारे देश की सुरक्षा में सबसे बड़े बाधक खतरों के खिलाफ सख्त कानून व्यवस्था नहीं बनाई जाती तब तक सुरक्षित भारत की कल्पना करना निरर्थक है। देश की लचर कानून व्यवस्था को बदलने और त्वरित न्याय व्यवस्था लागू करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाने से देश की आधी से अधिक समस्याएं खत्म हो जाएगी। उक्त विचार रविवार को यहां जन चेतना मंच संस्थान द्वारा गणगौर गार्डन में आयोजित 'सुरक्षित भारत' विषय




पर जन चेतना व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रवादी चिंतक, पी एल आई मेन ऑफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने व्यक्त किए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जहां आतंकवाद से देश में प्रतिवर्ष 2000 लोगों की जान जाती है, लेकिन नशे की वजह से हर साल 2 लाख से भी ज्यादा लोगों की मौत होती है। डेढ़ सौ करोड़ की आबादी में 10 करोड लोग नशे की गिरफ्त में हैं । इसी तरह प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों में से 25 लाख लोग अकाल मृत्यु के शिकार होते है। जो प्रदूषण,भुखमरी, विभिन्न बीमारियों और सडक़ व अन्य हादसों के शिकार हो जाते हैं। उपाध्याय ने कहा कि इनका एनालिसिस किया जाए तो मुख्य रूप से दो प्रमुख कारण सामने आते हैं भ्रष्टाचार और जनसंख्या विस्फोट। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान बनने समय 10 देश के संविधान पढक़र उनकी अच्छी चीज़ इसमें शामिल की गई। भारत के संविधान में साफ अंकित है जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाओ, मगर आजादी के 75 वर्ष बाद भी इस मुद्दे पर संसद या विधानसभा में चर्चा नहीं हुई। जनसंख्या बढऩे के साथ ही गरीबों का रेशों भी बढ़ रहा है, राजनीतिक दल इन पर कभी चर्चा नहीं करते। 40 जिलों में भूजल स्तर शून्य है, कई जिलों में अपराध, नशाखोरी, मिलावट खोरी निरंतर बढ़ रहे हैं । जनसंख्या विस्फोट रोकने के लिए एक देश एक विधान, जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग जागरूक जनता को ही उठानी पड़ेगी। जनता अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से जब तक देश के सर्वोच्च सदनों में अपनी आवाज को मुखर नहीं करेगी स्थिति और भयावह होती जाएगी। अश्वनी उपाध्याय ने आव्हान किया कि जस्टिस विद इन ईयर के लिए जागरूकता पूर्वक अपने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार को कानून बनाने की मांग मुखर करना चाहिए जिसमें एक इंडियन पेनल कोड बनाने की मांग हो। इससे पूर्व मंच के संस्थापक का डॉ. आई एम सेठिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। समारोह का संचालन राष्ट्र सेविका समिति की राष्ट्रीय सदस्य व चित्तौडग़ढ़ अर्बन को ऑपरेटिव बैंक की प्रबंध संचालक वंदना वजीरानी ने किया। विशिष्ट अतिथि उद्यमी राधा कृष्ण फुलवानी ने भी विचार व्यक्त किए।मंच के प्रांतीय अध्यक्ष हेमंत शर्मा, प्रांतीय महामंत्री श्रीकांत शर्मा, नगर अध्यक्ष राधेश्याम लड्ढा, तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण सिकलीगर आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देशन में हुआ कपासन के राजकीय विद्यालयो में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देशन में क्षेत्र के राजकीय विद्यालयो में विधिक जागरूकता सेवा शिविरो का आयोजन किया गया।जिसमे अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं बालिकाओं को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सहित विधिक जानकारी से अवगत कराया गया। जानकारी अनुसार अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सोलंकी के निर्देशन में नगर के बालिका माध्यमिक विद्यालय ब्रह्मपुरी में विधिक जागरूकता सेवा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे अधिवक्ता रतनलाल टांक द्वारा बालिकाओं को नालसा एवं रालसा की विभिन्न योजनाओं संबंधी जानकारी दी तथा साइबर क्राइम की बढ़ती घटनाओं के प्रति सजग रहना एवं साइबर क्राइम से बचने के उपायों संबंधी विस्तृत जानकारी से बालिकाओं को अवगत कराया गया। इस दौरान ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के सचिव देव तिवारी ने बताया कि ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. महेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं हेतु



आयोजित शिविर में बाल विवाह के दुष्परिणाम,मातृ स्वास्थ्य,शिक्षा व जबरन मजदूरी कराने की स्थिति हेतु आवश्यक विधिक जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय ब्रह्मपुरी (कपासन) विद्यालय परिवार एवं अध्ययनरत बालिकाएं उपस्थित रही। इधर तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान मे दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय कपासन में जागरूकता एवं विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे अधिवक्ता सैयद अलमास अली द्वारा विद्यार्थियों को नालसा-रालसा की विभिन्न योजनाओं संबंधी जानकारी दी गयी।इस दौरान विद्यालय अध्यापिका रहमत बेगम,फरजंद अली,महेश सोमानी,मोहम्मद इरफान, सकलेन मोहम्मद,कैलाशचंद्र चोटिया,सकीना बोहरा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित कपासन के पूर्व प्रधानाचार्य के आकस्मिक निधन से क्षैत्र मे शोक की लहर

### शिक्षा जगत की विभूति एवं राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित प्रहलाद राय सोमानी का गौरवमयी रहा जीवन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** राजस्थान के शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले प्रहलाद राय सोमानी का जीवन अनुशासन व समर्पण की एक अनूठी मिसाल है।कपासन की माटी में जन्मे प्रहलाद राय सोमानी द्वारा ना केवल राजकीय सेवा में अपना परचम लहराया गया।अपितु राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होकर सोमानी ने क्षेत्र का नाम देशभर में रोशन किया।

शिक्षा जगत की विभूति व राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य प्रहलाद राय सोमानी का जन्म 2 मई 1934 को नगर कपासन में हुआ तथा कपासन में अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण की।इसके उपरांत राजस्थान विश्वविद्यालय से बीए (अंग्रेजी) एवं एमए तथा बीएड की



डिग्रियां प्राप्त की।साथ ही हैदराबाद से इंग्लिश स्पीकिंग में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर अंग्रेजी भाषा पर अपनी कुशलता को अधिक सुदृढ़ किया।प्रहलाद राय सोमानी ने लंबे समय तक राजस्थान शिक्षा विभाग में अपनी महत्ती सेवाएं प्रदान की तथा 62 वर्ष की आयु में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुवे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य प्रहलाद राय सोमानी सेवानिवृत्ति उपरांत भी सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय रहे।जिसके तहत माहेश्वरी समाज द्वारा संचालित प्रतिष्ठित महेश ज्ञान मंदिर विद्यालय को कई वर्षों तक अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

नगर पालिका कपासन क्षैत्र निवासी राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य प्रहलाद राय सोमानी ने शनिवार 17 जनवरी 2026 को अंतिम सांस ली तथा दुनिया को अलविदा कह गये।शिक्षा जगत की विभूति प्रहलाद राय सोमानी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र सहित मुख्य रूप से शिक्षा जगत में शोक की लहर व्याप्त है।

धूमधाम से मनेगा नामदेव छीपा समाज का बसंत महोत्सव

## खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों और महिलाओं ने दिखाया उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** नामदेव छीपा समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत महोत्सव (वार्षिक जयंती) का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। उत्सव के आगाज के रूप में आज नवल सागर पार्क में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के हर आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

**नवल सागर पार्क में सजी खेलकूद की महफिल :** जयंती संयोजक प्रेम सारस्वाल ने बताया कि उत्सव के तहत आयोजित इन प्रतियोगिताओं में समाज के बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग स्पर्धाएं रखी गईं। कार्यक्रम संयोजक नीलकंठ नामा व यशस्वी नामा के निर्देशन में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं, जिसमें जलेबी दौड़, 100 मीटर दौड़, चम्मच दौड़ और तीन टांग दौड़, कुर्सी दौड़,कला कौशलः महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता।

**23 जनवरी को निकलेगी भव्य शोभायात्रा :** पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम दोसाया ने जानकारी दी कि 23 जनवरी को वार्षिक उत्सव का मुख्य आयोजन होगा। भव्य शोभायात्रा नामदेव भवन कागजी देवरा से प्रारंभ होकर उपरला बाजार, नाहर का चौहटा, सदर बाजार और चूड़ी बाजार होते हुए पुनः नामदेव भवन पहुंचेगी। यात्रा के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा और खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## राष्ट्रीय कला मंच द्वारा युवा महोत्सव 2के26 का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के आयाम राष्ट्रीय कला मंच द्वारा युवा महोत्सव 2के26 का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शनिवार, 17 जनवरी 2026 को नगर सभागार (टाउन हॉल), भीलवाड़ा में आयोजित हुआ। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को कक्षा-कक्ष से निकलकर मंच तक अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल, प्रांत संगठन मंत्री श्री वीरेंद्र सिंह सक्तावत एवं प्रांत कला मंच संयोजक सुश्री प्रतिभा धाकड़ द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने युवाओं



को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच युवाओं के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मकता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

युवा महोत्सव 2के26 में युवाओं के लिए विविध प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें गायन, नृत्य, ओपन माइक, रैंप वॉक, बिना अग्नि भोजन निर्माण, भविष्य का नेतृत्वकर्ता, निबंध लेखन, रील कलाकार, विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, हस्तशिल्प, मेहंदी कला, संगीत एवं बीट बॉक्सिंग तथा नाट्य प्रस्तुति शामिल रहीं। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संदेश कक्षा-कक्ष से केंद्रीय मंच तक रहा, जिसमें युवाओं की प्रसन्नता, प्रतिभा एवं आपसी एकता को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। आयोजन के दौरान युवाओं का जोश, रंग-बिरंगी प्रस्तुतियां एवं सांस्कृतिक वातावरण पूरे दिन आकर्षण का केंद्र बना रहा। राष्ट्रीय कला मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के साथ-साथ भारतीय कला एवं संस्कृति से जोडऩे का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। अंत में अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

पंच गौरव जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# नगर निगम विजेता, सुखाड़िया स्टेडियम उपविजेता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** द्वितीय पंच गौरव जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सुखाडिय़ा स्टेडियम में बालक वर्ग (14 वर्ष तक आयु) में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले की कुल आठ टीमों ने भाग लिया, जिनमें चार टीमें शहरी एवं चार टीमें ग्रामीण क्षेत्र से शामिल रहीं। प्रतियोगिता का आयोजन राज्य सरकार की पंच गौरव योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन के सौजन्य से जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, भीलवाड़ा द्वारा किया गया। अधिक जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि शहरी क्षेत्र से सुखाडिया स्टेडियम, नगर



निगम मैदान, कावांखेड़ा मैदान एवं लेबर कॉलोनी मैदान की टीमें शामिल हुईं, जबकि ग्रामीण क्षेत्र से करेड़ा, रायपुर, सरदार नगर एवं दौलतगढ़ की टीमों ने सहभागिता की। इन सभी खेल मैदानों पर नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि पंच गौरव योजना के अंतर्गत अब तक जिले के पांच खेल मैदानों पर प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है, जो प्रातः एवं सायं दोनों समय प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक अशोक कोठारी द्वारा किया गया। उन्होंने बास्केटबॉल को जिले का बहुप्रचलित खेल बताते हुए नियमित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और खिलाडिय़ों से निरंतर अभ्यास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है तथा खेल भावना जीवन में आगे बढऩे का आधार है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव प्यारेलाल खोईवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं पूर्व अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष नंदकिशोर बैरवा ने की, जबकि अजीत जैन विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाडिय़ों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### प्रतियोगिता के परिणाम

प्रारंभिक मुकाबलों में कावांखेड़ा टीम ने दौलतगढ़ को 37-36 से, नगर निगम टीम ने करेड़ा को 41-36 से, सरदार नगर ने रायपुर को 21-09 से तथा सुखाडिया स्टेडियम टीम ने लेबर कॉलोनी को 19-10 से पराजित किया। सेमीफाइनल में नगर निगम टीम ने सरदार नगर को 27-14 से तथा दूसरे सेमीफाइनल में सुखाडिया स्टेडियम ने कावांखेड़ा को 29-21 से हराया। हार्डलाइन मुकाबले में सरदार नगर ने कावांखेड़ा को 21-06 से पराजित किया।फाइनल में नगर निगम टीम ने सुखाडिया स्टेडियम को 42-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस प्रकार नगर निगम विजेता, सुखाडिया स्टेडियम उपविजेता तथा सरदार नगर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राजपाल, प्रद्युमन बैरवा, देव मीणा, जावेद मंसूरी एवं नैतिक जोशी का प्रदर्शन सराहनीय रहा। आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती निशा राजपूत, मांगीलाल जाट, आजाद मंसूरी, मिथिलेश मारू, अभिषेक खेंगर, गजेंद्र प्रजापत, मानवेंद्र सिंह सिसोदिया, दीपक मीणा, लोकेश कुमार मधुकर, अरविंद सिंह शेखावत, कविता बैरवा, वर्षा जजियानी, हर्षिता राठौड़, सुरभि सेन एवं पूर्वी का विशेष योगदान रहा।

# देवली मे बाग बगीचो के रख-रखाव कार्य के लिए 40 लाख का ठेका फिर अटल उद्यान की दुर्दशा ऐसी क्यों?

## लगभग 30 से 35 करोड़ के खर्चे से तैयार हुआ अटल उद्यान आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है





बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** इन दिनों शहर के प्रमुख बाग-बगीचे और पार्क रखरखाव के अभाव में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। ऐसे ही हालात यहां अटल उद्यान के देखने को मिले हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले 12 वर्षों से शहर का ऑक्सीजोन% कहे जाने वाले अटल उद्यान मे रखरखाव का अभाव इसलिए बना हुआ है कि । यहां कार्य से संबंधित ठेकेदार बगीचों की देखभाल मैं लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में यहां जग जाहिर है कि

अटल उड़ान के निर्माण से लेकर रखरखाव के कार्यों में भ्रष्टाचार की परत दर परत चढ़ी हुई खुलेआम देखी जा सकती है। ऐसे में जानकारी के अनुसार देवली पालिका प्रशासन ने अभी हाल ही में कुछ महीने पहले शहर के बगीचों के रखरखाव के नाम पर अपने चहते ठेकेदार को लगभग 40 लाख रुपए प्रति वर्ष का ठेका जारी किया है। इसके बावजूद यहां अटल उद्यान की घास सूखी हुई पड़ी है. तो वही रेलिंग टूटती चली जा रही है। साथ ही रनवे पथ की उखड़ी गिट्टीया दौड़ने वाले लोगों के पांव में चुभ कर उन्हें चोटिल कर रही है। तो वही रनवे पथ पर बने गड्ढे यहां निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं।

रखरखाव के अभाव में यहां हरी घास सुकती चली जा रही है। तो घास की जगह कटीले एवं जंगली पौधों ने अपनी जगह बना ली है। यहा समझने वाली बात तो यह है कि अटल उद्यान के देखरेख और रखरखाव के नाम पर आज भी प्रतिवर्ष लाखों रुपया खर्च किया जा रहा है। जो यहां उद्यान का रख रखाव और देखरेख की धरातल स्थिति पर नही होकर केवल कागजों तक ही सीमित बना होकर केवल मिली भगत की पूर्ति कर रहा है.। तो वही इन बाग बगीचों के रखरखाव पर अब केवल अव्यवस्थाऐ और गंदगी ही देखने को मिल रही है। ऐसे में यहा यह कहना कोई मुश्किल नहीं होगा कि कार्य से संबंधित अधिकारी और ठेकेदार मिलीभगत से सरकारी कोष को जमकर चूना लग रहा है। उल्लेखनीय है कि यहा अटल उद्यान सहित अन्य प्रमुख उद्यानों में कटीली झाड़ियाँ उग आई हैं और टॉय ट्रेन की पटरी पर कचरा बिखरा हुआ है,। तो वही पार्कों में लगी बेंचें, झूले और फव्वारे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं जो अपने साथ हुए भ्रष्टाचार का आइना दिखा रहे हैं। देखने वाली बात तो यह है कि यहां पर्याप्त पानी होने के बावजूद कीमती हरियाली और हर्बल के गार्डन उजड़ रहे हैं। साथ ही अटल उद्यान सहित शहर के अन्य पार्कों की कई स्ट्रीट लाइटें खराब होकर बंद पड़ी हुई है। यहां पार्कों के इस हालातो पर

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका को पार्कों की हो रही ऐसी दुर्दशा के बारे मे कई बार सूचित किया जा चुका है। बावजूद, इन उद्यानों के सौंदर्यीकरण को बरकरार रखने के लिए के कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

सर्दियों में सब जगह घास की स्थिति ऐसी रहती है कहीं एक आद जगह जंगली और कटीले पौधे अगर उग भी गये तो उन्हें हटवा दिए जाएंगे, बाकी अटल उद्यान की स्थिति ठीक है फिर भी जाकर देख लेंगे।

*सुरेश कुमार मीणा*
*अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका देवली टोंक।*

# पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ की एस्कॉर्ट गाड़ी का एक्सीडेंट

## नूंह में हाईस्पीड ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाए

बढ़ता राजस्थान

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले में चल रही एस्कॉर्ट गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। हादसा दिल्ली-जयपुर हाईवे पर एक ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने के बाद हुआ। पीछे चल रही एक कार ट्रक में जा घुसी। कार पूरी तरह से आगे से टूट गई और इसका इंजन भी बाहर निकल आया। इसी के पीछे पूर्व राष्ट्रपति की एस्कॉर्ट गाड़ी भी टकरा गई, जिसमें उसका अलग हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस का कहना है कि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

**दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहा था काफिला**-दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहे पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले में शामिल एक अर्टिगा गाड़ी का एक्सीडेंट नूंह के रिठठ गांव के पास दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवे पर चल रहे एक हाईस्पीड ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिसके कारण उसके पीछे चल रही एक वैगनआर कार उसमें पीछे से जा घुसी।

**एस्कॉर्ट का बोनट टूटकर अंदर घुसा**-इसके बाद, पूर्व उपराष्ट्रपति के एस्कॉर्ट की एक गाड़ी भी उसकी चपेट में आ गई, जिससे एस्कॉर्ट गाड़ी का बोनट टूटकर अंदर घुस गया। हालांकि, हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उस समय काफिले में जगदीप धनखड़ मौजूद थे या नहीं। पुलिस ने इस बारे में कुछ नहीं बताया।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी मुठभेड़ में 7 जवान घायल

## 3 एयरलिफ्ट किए गए; किश्तवाड़ के सोनार में ऑपरेशन त्राशी-1 जारी

बढ़ता राजस्थान

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में रविवार दोपहर को आतंकी मुठभेड़ में सेना के 7 जवान घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक 3 जवानों को एयरलिफ्ट करके इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना किश्तवाड़ के ऊपरी जंगली इलाके सोनार की है। यहां सेना की व्हाइट नाइट कोर का आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन त्राशी-1' जारी है। इसी दौरान आतंकियों से जवानों की मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से फायरिंग की गई। 2-3 से आतंकियों को जवानों ने घेरा था। तभी आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया। अधिकारियों ने कहा है कि ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हो सकते हैं। अधिकारियों के मुताबिक आतंकियों की तलाश अभी भी जारी है। इलाके पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। स्निफर डॉग्स की भी मदद ली गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ सर्चिंग में जुटी है।

# महिला विधायक से मंच पर भिड़े बीजेपी के पूर्व विधायक

## लास्ट में भाषण देने की बात पर हुई कहासुनी, पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर।** भरतपुर में पशु मेला प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक और पूर्व विधायक मंच पर ही भिड़ गए। आखिरी में भाषण देने की बात को लेकर दोनों नेताओं के बीच कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ा कि पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा।

मामला रविवार दोपहर करीब एक बजे रूपवास में बसंत पशु मेला प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के दौरान का है। कार्यक्रम में बयाना के पूर्व बीजेपी विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल और निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत के अलावा कांग्रेस के पूर्व विधायक अमर सिंह भी मौजूद थे। पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल को मंच से पहले भाषण के लिए बुलाया गया। इस पर बंशीवाल ने मना कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले विधायक ऋतु बनावत भाषण देंगी। उसके बाद आखिरी में मैं भाषण दूंगा। इस बात को लेकर विधायक ऋतु बनावत और पूर्व विधायक बंशीवाल मंच पर ही भिड़ गए।

**आखिरी में भाषण देने को लेकर हुआ विवाद**-नगर पालिका की ओर से आज दोपहर करीब एक बजे बसंत पशु मेला प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह रखा गया था। इसमें बयाना की निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत मुख्यअतिथि थीं, जबकि भाजपा के पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल और कांग्रेस के पूर्व विधायक अमर सिंह विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम आयोजकों ने विधायक ऋतु बनावत को पहले संबोधन के लिए कहा। इस पर विधायक ने कहा कि पहले बच्चू बंशीवाल भाषण दें। इसके बाद पूर्व कांग्रेस विधायक अमर सिंह भाषण दें और आखिरी में खुद मैं भाषण दूंगी।

**बंशीवाल के इनकार करते ही आमने- सामने हुए**-विधायक ऋतु बनावत की बात सुनते ही बीजेपी के पूर्व विधायक ने पहले भाषण देने से इनकार कर दिया। यह सुनकर ऋतु बनावत के पति ऋषि बंसल ने विरोध जताया। इसके बाद तीनों में कहासुनी हो गई। तीनों तेज म्यूजिक के बीच मंच पर ही उलझ पड़े और एक-दूसरे को कायदे में रहने की हिदायत दी।

### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल

# ट्रायल समय पर नहीं हो तो बेल-अधिकार : पूर्व सीजेआई

## डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- अपनी ही संस्था की आलोचना करना आसान नहीं; अदालतों में डर का माहौल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े कानून कई बार 'इनोसेंस' की जगह गिल्ट को प्राथमिकता देने लगते हैं। अदालतों को यह जांचना चाहिए कि क्या वाकई राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है और क्या हिरासत जरूरी और अनुपातिक है। वरना लोग सालों तक जेल में सड़ते रहते हैं। उन्होंने कहा- अगर ट्रायल उचित समय में पूरा नहीं होता तो यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्पीडी ट्रायल के अधिकार का उल्लंघन है। संविधान सर्वोच्च है, इसलिए एक्सेप्शन न हों तो बेल मिलनी चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि अपनी ही संस्था की आलोचना करना उनके लिए आसान नहीं है, क्योंकि एक साल पहले तक वह सुप्रीम कोर्ट का नेतृत्व कर रहे थे। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने उमर खालिद के मामले पर सवाल पर यह कहा। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में रविवार को जिंदगी से लेकर संवैधानिक मूल्यों तक उन्होंने कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कानून, लोकतंत्र, जमानत व्यवस्था और न्यायिक प्रणाली को लेकर बेबाक विचार रखे।

**जेन-जी के काम करने-सोचने के तरीके समझने होंगे**-पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- वे भले ही बेबी बूमर पीढ़ी से आते हों, लेकिन उनकी दो बेटियां स्पेशल नीड्स वाली हैं और जेन-जी से हैं। अगर उन्हें अपनी बेटियों की जिंदगी से जुड़ा रहना है तो उन्हें जेन-जी के काम करने और सोचने के तरीके को समझना और अपनाना होगा। अपनी हालिया किताब का जिक्र करते हुए चंद्रचूड़ ने कहा- यह कोई सख्त कानूनी किताब नहीं, बल्कि उनके भाषणों का संग्रह है। इसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट, भारतीय सुप्रीम कोर्ट और दार्शनिक जॉन स्टुअर्ट



मिल, कांट जैसे विचारकों के संदर्भ स्वाभाविक रूप से शामिल हैं। उन्होंने बताया- जब वे समलैंगिकता को अपराधमुक्त करने वाला ऐतिहासिक फैसला लिख रहे थे, तब उन्हें मशहूर कवि-गायक लियोनार्ड कोहेन का एक कोट याद आया था, जो लोकतंत्र के खतरे और उसके बावजूद उम्मीद की बात करता है। उनके मुताबिक कुछ फैसले सीधे-सपाट होते हैं, जबकि कुछ में सोच और संवेदनशीलता का 'फ्लोरिश' जरूरी होता है।

उमर खालिद के सवाल पर कहा- अब जज नहीं, नागरिक के तौर पर बोल रहा-उमर खालिद के मामले पर सवाल पूछे जाने पर पूर्व सीजेआई ने कहा- वे अब जज के रूप में नहीं, बल्कि एक नागरिक के तौर पर बोल रहे हैं। उन्होंने कहा- भारतीय कानून की बुनियाद 'निर्दोषता की पूर्वधारणा' पर टिकी है। हर आरोपी तब तक निर्दोष माना जाता है, जब तक ट्रायल में दोष सिद्ध न हो जाए। प्री-ट्रायल बेल किसी भी तरह से सजा नहीं हो सकती।

# 20 साल पुराना नौकर 52.50 लाख चुराकर बिहार भागा

## जयपुर में बिजनेसमैन को 22 लाख का पता चला, पुलिस ने नक्सली इलाके से पकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** नए साल का जश्न मनाने विदेश गए जयपुर के एक बिजनेसमैन के घर से 52.50 लाख कैश चोरी हो गए। बिजनेसमैन को 22 लाख की चोरी का ही पता चला। पुलिस जांच में घर का 20 साल पुराना नौकर ही चोर निकला। पुलिस ने जयपुर से 1500 किलोमीटर दूर बिहार के नक्सली इलाके से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी के 52.50 लाख रुपए बरामद किए। बजाज नगर थाना पुलिस ने रविवार दोपहर आरोपी नौकर को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

एसीपी (मालवीय नगर) विनोद शर्मा ने बताया- चोरी के मामले में आरोपी मंटू उर्फ रामू उर्फ मनोज ठाकुर (40) निवासी बेलहर बांका बिहार को अरेस्ट किया है। वह पिछले 20 साल से बजाज नगर क्षेत्र के देव नगर में रहने वाले एक्सपोर्ट बिजनेसमैन के घर नौकर था। सालों से घरेलू नौकर होने के कारण पूरे परिवार को उसके ऊपर विश्वास था। उसकी हर कमरे में एंट्री भी थी। इसका फायदा उठाकर वह परिवार के बाहर जाने पर अलमारियों खोलकर थोड़े-थोड़े रुपए चुराकर अपने गांव भेजने लग गया था। मालिक को मालूम नहीं चलने पर उसके हौसले बढ़ गए।

### परिवार की गैरमौजूदगी में चोरी

पीड़ित बिजनेसमैन की ओर से 12 जनवरी को बजाज नगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। रिपोर्ट में बताया- परिवार सहित 1 जनवरी को घूमने के लिए विदेश गए थे। नौकर मंटू भी छुट्टी लेकर अपने गांव चला गया। 7-8 दिन विदेश घूमने के बाद 9 जनवरी को वापस आए तो घर की अलमारियों में रखे 22 लाख रुपए गायब थे। परिवार की गैरमौजूदगी में 3 जनवरी को घर में घुसकर चोर 22 लाख रुपए ले गए।

### नौकर ने ही घर में की थी चोरी

बजाज नगर एसएचओ पूनम चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि चोरी के दौरान बिजनेसमैन के घर के सीसीटीवी कैमरे बंद थे। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर 3 जनवरी को एक व्यक्ति रात के समय दीवार कूदकर अंदर आते दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर चोर की पहचान घरेलू नौकर मंटू के रूप में हुई।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्काड्रन सिंगापुर के चांगी नौसैनिक अड्डे पर पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्काड्रन (1टीएस) 15 जनवरी को सिंगापुर के चांगी नौसैनिक अड्डे पर पहुंचा, जिसमें आईएनएस तिर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता और भारतीय तटरक्षक जहाज सारथी शामिल हैं। यह स्काड्रन दक्षिण-पूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र में प्रशिक्षण अभियान पर है।

यह दौरा इसलिए खास है क्योंकि वर्ष 2026 को 'आसियानङ्कभारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के रूप में मनाया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना (आरएसएन) के कर्मी कई बंदरगाह गतिविधियों और पेशेवर संवादों में भाग लेंगे, जिनका उद्देश्य क्षमताओं को बढ़ाना और समुद्री सहयोग को मजबूत करना है। दोनों नौसेनाओं के प्रशिक्षुओं के बीच सुनियोजित प्रशिक्षण अभ्यास, संयुक्त योग सत्र और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत भारतीय नौसेना बैंड सिंगापुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुति देगा। इस दौरान जहाजों को स्कूली बच्चों के भ्रमण के लिए भी खोला जाएगा। सिंगापुर पहुंचने पर भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने पहले प्रशिक्षण स्काड्रन के प्रशिक्षुओं से बातचीत की। वरिष्ठ अधिकारी 1टीएस और कमांडिंग अधिकारियों ने समुद्री प्रशिक्षण और सिद्धांत कमान (एमटीडीसी) के कमांडर से भी मुलाकात की। सूचना संलयन केंद्र (इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर) के अंतरराष्ट्रीय संपर्क अधिकारियों की टीम के दौरे के दौरान पेशेवर अनुभव साझा किए गए। यात्रा के दूसरे दिन सामुदायिक कार्यक्रम और सिंगापुर नौसेना के साथ संवाद हुए। सूचना संलयन केंद्र और आरएसएन संग्रहालय का दौरा, मैत्रीपूर्ण



खेल मुकाबले, और श्री नारायण वृद्ध एवं नर्सिंग होम में जनसंपर्क गतिविधि इस दिन के प्रमुख आकर्षण रहे। यह यात्रा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ मजबूत समुद्री साझेदारी और निरंतर सहयोग को और सुदृढ़ करती है, जो भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' के अनुरूप है। इसके साथ ही यह दोनों नौसेनाओं के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ाती है और भारतीय महासागर नौसेना संगोष्ठी के प्रति भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह पहल 'महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति) की परिकल्पना के अनुरूप समुद्री सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।